राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

Morgan Stanley

भारत की जीडीपी के पूर्वानुमान को मॉर्गन स्टेनली ने बदला, 6.5% के अनुमान को बढ़ाकर 6.8% किया

रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्मरणानंदजी महाराज का हुआ निधन, मोदी ने जताया दुख

वर्ष-60 › अंक -86 रायपुर गुरूवार 28 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी, पीएम मोदी, सीएम योगी समेत 40 दिग्गजों के नाम



एजेंसी। रायपुर. छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है. बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब अपने स्टार प्रचारों की लिस्ट भी जारी कर दी है. इस लिस्ट में 40 दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं. इस सूची में सबसे पहला नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है. इसके साथ ही लिस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम शामिल है. इसी तरह स्टार प्रचारों की लिस्ट में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सूबे के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरूण साव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, किरण सिंहदेव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और संगठन मंत्री पवन साय का नाम शामिल है।

शाह ने दिए जम्मू-कश्मीर से AFSPA हटाने के संकेत....

POK वापस लाना हमारा लक्ष्य

नईदिल्ली,एजेंसी।

भारतीय जनता पार्टी ने बीते दिन अमित शाह के कुछ वीडियो जारी किए है. इस वीडियो में अमित शाह कश्मीर के मुद्दे पर बात करते नजर आ रहे है. इस बातचीत के दौरान अमित शाह ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा है. हमें उस जमीन और वहां रह रहे हरेक नागरिक से स्नेह है, जिसे पाकिस्तान ने हथिया लिया है. साथ ही उन्होंने कहा कि हर भारतीय का अगला टारगेट POK ही है. साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से AFSPA को वापस लेने पर विचार करेगी.

जम्मू कश्मीर के विकास के लिए 53 योजनाएं बनाई - जम्मू कश्मीर के एक चैनल से कश्मीर के मुद्दे पर बात करते हुए अमित शाह ने कहा है कि हमने जम्मू कश्मीर के विकास के लिए 53 योजनाएं बनाई है जिसकी लागत 58 हजार करोड़ है. साथ ही उन्होंने बताया कि लद्दाख के लिए हमने 21,000 करोड़ रुपये की नौ योजनाएं शुरू की है. उन्होंने आंकड़ें बताते हुए कहा कि साल 2014-15 में जम्मू-कश्मीर की जीडीपी सिर्फ 1 लाख करोड़ थी, जबकि 2023 में यह बढ़कर 2.23 लाख करोड़ हो गई है.

'कश्मीर की कश्मीरियत केवल मोदी जी ही बचा सकते है'

अमित शाह से जब सवाल पुछा गया कि कश्मीर पूरी तरह से आतंक से मुक्त कब होगा तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि सरकार अपना प्रयास कर रही है, फिर भी घाटी के युवाओं को कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान के प्रोपोगेंडा से बाहर निकल जाइए. साथ ही उन्होंने कहा कि कश्मीर स्वर्ग है, हमारे युवा इस स्वर्ग के मजे लें, हाथ में पत्थर नहीं लैपटॉप पकड़े, हमारी सरकार के साथ जुड़कर सभी समस्याओं के निराकरण में लगे. उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीर की कश्मीरियत केवल मोदी जी ही बचा सकते है.

केजरीवाल को नहीं मिली कोर्ट से राहत

एजेंसी।

शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में बुधवार को फिर सुनवाई हुई। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी तो ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने अदालत में अपनी अपनी दलीलें दीं। तमाम दलीलों को सुनने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने अपना फैसला कुछ देर के लिए सुरक्षित रख लिया। इसके बाद देर शाम कोर्ट ने अपने फैसले में केजरीवाल को ईडी की हिरासत से राहत नहीं मिली। इसके अलावा कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब मांगा।

नितिन गडकरी के नामांकन में उमड़ी भारी भीड़

नागपुर की सड़कों पर बीजेपी का शक्ति प्रदर्शन

नागपुर : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को नागपुर से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। गडकरी के नामांकन के लिए हजारों की संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता नागपुर के संविधान चौक पर इकट्ठा हुए। संविधान चौक पहुंचने से पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घर में अपनी आराध्य देवी की पूजा अर्चना की, और बाद में संविधान चौक पर पहुंचकर डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा का माल्यार्पण किया।

इस बार भी मेरठ से चुनावी प्रचार का आगाज करेंगे मोदी

एजेंसी।

पिछले दो लोकसभा चुनाव और दो विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान का आगाज उत्तर प्रदेश के मेरठ से करने जा रहे हैं. 30 मार्च को पीएम मोदी यहीं से चुनाव का शंखनाद करेंगे. मेरठ से इस बार बीजेपी ने 'टीवी के राम' यानी अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है. अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद बीजेपी ने रील लाइफके राम को यहां से चुनावी मैदान में उतारा है. इस सीट पर लगातार तीन बार जीत दर्ज करने वाले राजेंद्र अग्रवाल की जगह अरुण गोविल बीजेपी का चेहरा होंगे. यानी बीजेपी ने राज तो बदल दिए, लेकिन रिवाज नहीं बदले हैं. बीजेपी इस बार भी यहीं से चुनावी अभियान का आगाज करने जा रही है.

पीएम मोदी हर बार यहीं से शुरू करते हैं चुनाव प्रचार

जब से नरेंद्र मोदी सत्ता में आए तब से बीजेपी में चुनावी कैंपेन की परंपरा नहीं बदली है. पार्टी ने भले ही कई सांसदों की जगह नए चेहरे पर भरोसा जताया है, लेकिन परंपरा आज भी वहीं पुरानी है. बीजेपी एक दशक से चुनावी अभियान की प्रथा वही चला रही है जो 2014 में शुरू हुई थी. बीजेपी उत्तर प्रदेश के मेरठ से ही चुनावी अभियान की शुरुआत करती आई है. 2014 चुनाव के लिए नरेंद्र मोदी ने 2 फरवरी को अपने अभियान की शुरुआत मेरठ की रैली से की थी.

फिर 2019 लोकसभा चुनाव के लिए 28 मार्च 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहीं से शंखनाद किया था और अब 2024 चुनाव के लिए 31 मार्च को उनकी पहली रैली मेरठ में होने जा रही है. इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भी पीएम मोदी ने चुनावी सभा की शुरुआत इसी भूमि से की थी. 2017 और 2022 यूपी विधानसभा चुनाव के लिए नरेंद्र मोदी की पहली चुनावी रैली मेरठ में ही हुई थी।

कर्नाटक में कार्रवाई, लोकायुक्त अधिकारियों ने एक साथ 60 जगहों पर डाली रेड

एजेंसी। कर्नाटक में एंटी क्रश्पन एजेंसी लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। 100 से ज्यादा लोकायुक्त अधिकारी राज्य के 13 जिलों में 60 जगहों पर छापेमारी कर रहे हैं। बेंगलुरु में पांच जगहों पर छापेमारी जारी है। बेंगलुरु में बीबीएमपी के चीफ इंजीनियर रंगनाथ के घर पर भी छापा मारा गया है। छापेमारी की कार्रवाई में अभी तक 6 लाख रुपये की नकदी, 3 किलो सोना, 25 लाख रुपये के हीरे, 5 लाख रुपये की प्राचीन वस्तुएं बरामद की गई हैं। इसके साथ संपत्ति के दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। गलुरु, बिदर, रामनगर, उत्तर कन्नड, उडुपी, कोडागु, मैसूर और विजयपुरा जिलों में छापेमारी जारी है। छापेमारी की कार्रवाई में लोकायुक्त के करीब 130 अधिकारी शामिल हैं, जिनमें 13 पुलिस अधीक्षक (एसपी), 12 पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) और 25 पुलिस निरीक्षक हैं।

मथुरा और वृंदावन को इंतजार : योगी

पूरी दुनिया में मथुरा-वृंदावन की होली की चर्चा

एजेंसी। मथुरा और वृंदावन को इंतजार - उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनाव प्रचार का आगाज भी कर दिया है। मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि को लेकर एक बड़ा बयान दिया। योगी आदित्यनाथ ने पहले अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र किया। उन्होंने कहा- होली खेले रघुवीरा भजन तो हम लोगों ने खूब सुना.. लेकिन 500 वर्षों में पहली बार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम अपने धाम में विराजमान होकर होली के साक्षात दर्शन हम सबको कराए। मथुरा और वृंदावन की कुंज गलियां भी इंतजार तो कर रही रही होंगी।'

उन्होंने कहा कि दुनिया के अंदर मथुरा और वृंदावन की होली की बहुत चर्चा होती है। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ देखते बनती है। हमें लगता है कि अभी भी यहां ऐसी व्यवस्था बनानी है ताकि श्रद्धालुओं को किसी किस्म की दिक्कत न हो।

नेपाल के रास्ते भारत में अवैध घुसपैठ की कोशिश, सुरक्षाबलों ने दो चीनी नागरिकों को पकड़ा

एजेंसी भारत की सीमाओं पर लगातार घुसपैठ की खबरें सामने आती रहती हैं। इस बीच अब नेपाल से लगी सीमा के पास भी अवैध घुसपैठ की खबर सामने आई है। पुलिस ने बताया है कि उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में नेपाल से लगती सीमा पर दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों नेपाल के रास्ते भारत में अवैध घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान सशस्त्र सीमा बल (SSB) और सिद्धार्थनगर पुलिस टीम ने दोनों चीनी नागरिकों को पकड़ लिया।

इस रास्ते से कर रहे थे घुसपैठ - पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, एसएसबी और सिद्धार्थनगर पुलिस टीम ने 26 मार्च को एक चीनी पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। चीनी नागरिकों को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब दोनों ककरहवा सीमा से नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने बरामद किए ये सामान - गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम ने चीनी नागरिकों की तलाशी भी ली। इस तलाशी में दोनों के पास से दो चीनी पासपोर्ट, नेपाल से एक पर्यटक वीजा, 2 मोबाइल फोन, 2 नेपाली सिम कार्ड और उनके पास से 2 चीनी सिम कार्ड बरामद हुए हैं। सिद्धार्थनगर एएसपी सिद्धार्थ सिंह ने बताया है कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

1751 किलोमीटर लंबी सीमा भारत, नेपाल के साथ कुल 1751 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा साझा करता है। ये सीमा उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम यानी की कुल 5 राज्यों से लगती है। इस सीम पर सुरक्षा की कमान सशस्त्र सीमा बल के हाथों में है। एसएसबी ने भारत-नेपाल सीमा पर 455 सीमा चौकियां स्थापित की हैं।

जो कर्तव्य पथ पर चलते हैं, वही इतिहास बदलते हैं : सांसद संतोष

लोकशक्ति। संवाददाता।

सांसद संतोष पांडे होली के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा को समर्थन देने का आग्रह भी किया तथा उन्होंने लिखा कि जो कर्तव्य पथ पर चलते हैं वहीं इतिहास बदलते हैं। इसके अलावा सांसद संतोष पांडे ने लिखा : ग्राम भोलापुर में नव युवक उत्सव समिति व करुणा माता महिला समिति तथा ग्राम बोईरडीह में युवा फ्रेंड्स क्लब व ग्रामवासियों द्वारा आयोजित फाग महोत्सव में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर सभी के संग होली मनाई और होली पर्व की शुभकामनाएं दी। आप सभी ने जिस आत्मीयता व स्नेह के साथ स्वागत किया उससे अभिभूत हूँ। आपका यही स्नेह और विश्वास हमेशा मिलता रहे ईश्वर से यही कामना करता हूँ।

बीजेपी पंजाब में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी

एजेंसी। लोकसभा चुनाव को लेकर इन दिनों कई खबर आ रही है. एक बड़ी खबर पंजाब से आ रही है जहां चुनावी मैदान में बीजेपी अकेले उतरेगी. इस बाबत जानकारी प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने दी और कहा कि बीजेपी पंजाब में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी. आपको बता दें कि बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल के गठबंधन की बात चल रही थी. हालांकि दोनों पार्टियों के बीच बात नहीं बन पाई और इन्होंने लोकसभा चुनाव अलग-अलग लड़ने का फैसला किया. आपको बता दें कि पहले शिरोमणि अकाली दल और बीजेपी का गठबंधन पंजाब में था, लेकिन केंद्र द्वारा लाए गये तीन कृषि कानून पर दोनों दलों के बीच दरार आ गई.

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा- भारत के रास्ते पर चलकर हम कर सकते विकास

भारत की डिजिटल तरक्की को हम कॉपी कर रहे : विक्रमसिंघे

एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत नित नए तरक्की के कीर्तिमान गढ़ रहा है। मोदी सरकार के विकास कार्यों पर हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने भी मुहर लगाई। संयुक्त राष्ट्र की मानव विकास सूचकांक में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि को सराहा गया और कहा गया कि भारतीयों के जीवन स्तर में जबरदस्त सुधार आया है। भारत की तरक्की से श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भी काफी प्रभावित हैं। उन्होंने भारत की तारीफकरते हुए कहा है कि उनका देश इंडिया की कॉपी करते हुए आगे बढ़ सकता है। एक कार्यक्रम में विक्रमसिंघे ने कहा कि तकनीक के स्तर पर और संस्थानों को खड़ा करने के मामले में मुझे लगा कि भारत सबसे बेहतर विकल्प है। इसके लिए मैंने बीते साल इंडिया के पीएम नरेंद्र मोदी से बात की थी। उनसे मुझे अच्छा रिस्पॉन्स मिला और हमारी मदद भी भारत की ओर से की गई। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कोलम्बो में आयोजित डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मीट के दौरान कहा कि भारत ने शून्य की खोज की, दुनिया आज कहां होती अगर शून्य की खोज भारत ने नहीं की होती। हम उस बात की कॉपी करेंगे जो भारत ने किया है। इससे हमें अपने विकास में 4-5 वर्षों की बढ़त मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं कह सकता हूं कि भारत ने जिस तरह से खुद को आगे बढ़ाया है, वो समझने लायक है और हम इसको अपने देश में लागू कर सकते हैं। डिजिटल बुनियादी ढांचे पर श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा कि भारत जो कर रहा है, हम उसकी कॉपी कर रहे हैं। हम निश्चित ही भारत के साथ चलना चाहेंगे। डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मीट को कोलम्बो में स्थित भारतीय दूतावास और श्रीलंका के तकनीक मंत्रालय ने मिल कर आयोजित किया।

भारत की तेज आर्थिक प्रगति से फायदा लेने की जरूरत

राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने भारत की तेज आर्थिक प्रगति से फायदा लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हम उस इलाके में हैं जो अगले दशकों में तरक्की का केंद्र होगा, यह बदलाव जापान और चीन की तरफ से हिन्द महासागर में होगा। भारत इस दौरान तेज तरक्की करेगा और श्रीलंका इसके पास में होगा। उन्होंने श्रीलंका में IIT का नया कैम्पस बनाने के लिए भारत को धन्यवाद दिया और इसे भी सहयोग का एक क्षेत्र बताया। उन्होंने यह भी कहा कि जब हमें सहायता चाहिए थी तो भारत सबसे अच्छा सहयोगी निकल कर आया। भारत का भुगतान सिस्टम UPI वर्तमान में श्रीलंका में भी चलता है। भारत श्रीलंका को उसका खुद का डिजिटल इन्फ्रा बनाने में भी सहायता कर रहा है।

हुरुन रिच लिस्ट में छाया भारत, बीजिंग को पछाड़ा,

एशिया में सबसे ज्यादा अरबपति मुंबई में

एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के विजन के चलते दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हमारी है। इकोनॉमी की इसी रफ्तार के चलते देशवासियों को इसका पक्का यकीन हो चला है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था दुनियाभर में तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी। हुरुन इंडिया का ताजा रिच लिस्ट में भी भारत की इसी बढ़ती समृद्धि के स्पष्ट संकेत हैं। भारत का न सिर्फ इस लिस्ट में पुरजोर डंका बजा है, बल्कि देश की आर्थिक राजधानी ने चीन के बीजिंग को पछाड़ दिया है। इसी के साथ देश में अरबपतियों की संख्या में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। जी हां, हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 के मुताबिक भारत में देखने में आया है कि पिछले पांच साल में अरबपतियों की संख्या में 76 फीसदी तेजी आई है। वहीं दूसरी ओर चीन और ब्रिटेन की बात करें तो वहां अरबपतियों की संख्या में गिरावट आई है, जबकि यूरोप में अभी स्थिरता बनी हुई है।

बस्तर में भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन दाखिल

लोकशक्ति। बस्तर लोकसभा सीट में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा. आज नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है. भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने मंगलवार को नामांकन का एक सेट दाखिल किया. वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने आज सुबह 1 सेट में अपना नामांकन दाखिल किया है. अब दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन दाखिल कर रहे हैं.

नामांकन रैली के बहाने शक्ति प्रदर्शनः बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने कमर कस ली है. नामांकन रैली के जरिए दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं. भाजपा प्रत्याशी मिशन ग्राउंड में आम सभा करने के बाद नामांकन दाखिल करेंगे. भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में खुद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हैं.

कांग्रेस भी पीछे नहींः बस्तर लोकसभा सीट पर इस बार कांग्रेस ने कवासी लखमा को टिकट दिया है. कवासी लखमा भी शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन दाखिल कर रहे हैं. कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य स्थानीय नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं.

बस्तर लोकसभा सीट के लिए 6 प्रत्याशियों का नामांकनः बस्तर लोकसभा सीट के लिए अब तक कुल 6 प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किया है. राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से कवल सिंह बघेल, भाजपा से महेश राम कश्यप, बहुजन समाज पार्टी से आयतु राम मंडावी और हमर राज पार्टी से नरेन्द्र बुरका ने अपना नामांकन दाखिल किया है. वहीं आज कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने भी नामांकन दाखिल किया है.

कांग्रेस को बड़ा झटका, बस्तर महापौर भाजपा में शामिल

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर नाराज नेताओं को घर-घर मनाने पहुंच रही है। इस बीच कांग्रेस पार्टी की नाराज नेता और जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गई है। जगदलपुर की महापौर का बीजेपी में शामिल होना प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट की मुहम को बड़ा झटका भी है। छत्तीसगढ़ में बस्तर लोकसभा सीट पर पहले चरण में मतदान होना है। जहां एक तरफबस्तर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफजगदलपुर की महापौर सफिरा साहू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ले ली है। कांग्रेस पार्टी को चुनाव से पहले जगदलपुर से यह पहला बड़ा झटका लगा है।

खास खबर....

मुद्रलेखन परीक्षा 7 अप्रैल से

हिन्दी और अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा प्रवेश पत्र जारी

रायपुर, / शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परिषद्, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी शीघ्रलेखन की परीक्षा 31 मार्च को होगी। हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन की विभिन्न गतियों (5000, 8000, 10,000) की परीक्षाएं 7 अप्रैल से प्रारंभ की जा रही है। परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी परिषद की वेबसाईट **https//shiksha.cg.nic.in/ctsp** पर उपलब्ध है।

शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परिषद्, लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षार्थियों को चयनित परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व क्रमवार प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। 31 मार्च 2024 को आयोजित होने वाली हिन्दी और अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। एडमिट कार्ड पर चयनित परीक्षाओं की तिथियों, परीक्षा केन्द्र, बैच एवं समय की जानकारी अंकित है। परीक्षार्थियों से अपेक्षा की गई है कि सभी परिषद की वेबसाईट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें एवं उसमें अंकित जानकारियों एवं निर्देशों का भलि-भांति से अवलोकन कर लें। परीक्षार्थियों को क्रमवार एस.एम.एस. के माध्यम से सूचना उपलब्ध करायी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परिषद्, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा प्रथम सत्र अप्रैल, मई, जून 2024 के लिए कम्प्यूटर साफ्टवेयर के माध्यम से परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं आयोजित किए जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र मंगाये गए थे। आवेदन पत्रों की जांच के पश्चात् 31 मार्च 2024 को हिन्दी एवं अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं 7 अप्रैल 2024 से हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन की विभिन्न गतियों (5000, 8000, 10,000) की परीक्षाएं आरंभ की जा रही है।

कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची करारी हार का घोषणा पत्र है : भाजपा

रायपुर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के लिए सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए घोषित कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस के खस्ताहाल पर तीखा कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शुरू से यह कहती रही है कि कांग्रेस का कोई नेता लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है और उन्हें हार का भय सता रहा है। कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची दरअसल कांग्रेस की करारी हार का घोषणा पत्र है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की जो सूची ले-देकर अब तय हुई है, उसमें भी विधानसभा के लड़े हुए प्रत्याशियों की भरमार है। फुँके हुए कारतूस जो पहले चल चुके हैं और जिनसे निशाना भी नहीं लगा, जिनके नेतृत्व में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की भूपेश सरकार धराशायी हो गई, ऐसे नेताओं को फिर लोकसभा चुनाव में खड़ा किया है।

वक्त बदलता है और अहंकारी राजा भोज गरीब हो जाता है

तालाब की खुदाई में मिले हीरे ने बदल दी दसमत की किस्मत खत्म हुआ पिता का अहंकार*

क्रोधित राजा मजदूर से कर देता है बेटी की शादी लोकगाथा दसमत का मंचन दर्शकों को खूब हंसाया*

शहर के कलाकारों ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल में छत्तीसगढ़ी लोकगाथा में नाटक दसमत का किया मंचन

लोकशक्ति।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल (मध्यप्रदेश) के 48 वां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से भोपाल में छत्तीसगढ़ी लोकगाथा पर आधारित लोकनाट्य ÷दसमत÷ का मंचन किया गया। नाटक के निर्देशक श्री राकेश तिवारी जी है। नाचा गम्मत शैली में हुई नाट्य प्रस्तुति की शुरुआत गांव में चल रही ग्राम देवता की पूजा से होती है एक घंटे के नाटक में बताया गया की राजा भोज (डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर) को अहंकार है कि उसके राज्य की प्रजा मानती है की सभी राजा के ही भाग्य का जीते - खाते हैं लेकिन उसकी छोटी बेटी दसमत (मीना विश्वकर्मा) कहती है कि मैं अपने भाग्य का खाती हूं, तब राजा भोज क्रोधित होकर आदेश देता है कि दसमत अपने भाग्य का खा रही है तो इसकी शादी राज्य के सबसे गरीब व्यक्ति सूदन (संत फरिकर) से कराई जाए। दसमत की शादी तालाब खोदने वाले एक मजदूर से हो जाती है। समय बिताते दसमत को पता चलता है कि उसके पति सूदन को तालाब खोदते हुए कभी जोगनी पत्थर भी मिलता है, इसके बदले साहूकार 20 किलो चावल और 1 किलो नमक देता है जोगनी पत्थर वस्तुतः हीरा है जिसे पहचान कर दसमत साहूकार से उसका उचित दाम दिलाता है जिससे दसमत का परिवार संपन्न धनी हो जाता है। समय का फेर और राजा भोज गरीब हो जाता है यह देखकर दसमत अपने पिता को पूरी संपत्ति देकर तालाब खोदने धौरा नगर राज्य चली जाती है धौरा नगर का राजा महान देव (घनश्याम वर्मा) है, उसे पता चलता है कि उसके राज्य में तालाब खोदने आए समूह में बहुत ही खूबसूरत कन्या है राजा स्वयं जाकर देखता है और दसमत के रूप में मोहित होकर उससे विवाह करना चाहता है। समूह के लोग राजा महान देव को दसमत की जाती उसका शादीशुदा होना बताते हुए कहते हैं कि वह राजा भोज की बेटी है जिसे राजा महानदेव बड़े भाई की तरह मानते थे इसके बावजूद राजा महान देव विवाह के लिए अड़ा रहता है। समूह के मुखिया (सुदामा शर्मा) अपनी जाति की परंपरा की बात कहते वर को शराब व सुअर मांस सेवन करना अनिवार्य बताता है राजा महानदेव उसकी इस शर्त को मानने के लिए तैयार हो जाता है समूह के लोग राजा महानदेव को शराब और सूअर का मांस खिलाकर खाट में बांधकर रातों-रात दूसरे राज्य के लिए निकल जाते हैं इधर जब राजा महानदेव को होश आता है तो पता चलता है कि उसके पुत्र राजकुमार और रानियां उसकी इस हरकत के कारण उसे राजमहल में नहीं आने देना चाहते और रानियां भी नाराज है इस कारण व्यथित विरही राजा साधुओं के साथ शामिल होकर दिव्य दर्शन की तलाश में राज्य छोड़ देता है, रास्ते में तालाब में काम करते हुए उसे दसमत का समूह दिख जाता है राजा दसमत से तुरंत शादी करने के लिए धमकाता है समूह के मुखिया कहता है महाराज जरूर विवाह होगा पहले ÷साबर पूजा÷ हो जाने दो, राजा तैयार हो जाता है पूजा के दौरान दसमत पर आई देवी का प्रचंड रूप देखकर भयभीत राजा जान बचाने भागता है।

नाटक के स्क्रिप्ट राइटिंग गीत एवं निर्देशन श्री राकेश तिवारी ने किया है मुख्य पात्र में डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर , सविता तिवारी, मीना विश्वकर्मा, संत फरिकार, हेमलाल पटेल, घनश्याम वर्मा, हेमंत शुक्ला, नरेंद्र यादव, लोकेश साहू, विशाल वर्मा, नीतीश यादव, अर्जुन मानिकपुरी, रत्ना श्रीवास, हर्ष यादव, डॉ मोहन साहू, मनीष लदेर, महेश कौशिक, आदि मुख्य पात्र में बहुत सुंदर भूमिका निभाया है।

भाजपा ने की लखमा के नामांकन व चुनाव प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने की मांग...

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र सौंपा

रायपुर (संवाददाता)।

भाजपा सांसद सुनील सोनी ने बस्तर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस द्वारा घोषित प्रत्याशी कवासी लखमा के नामांकन दाखिले और लोकसभा चुनाव में प्रचार-प्रासार पर रोक लगाने को कहा है। सोनी के साथ अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, न्यायिक मामले व निर्वाचन आयोग सम्पर्क समिति के प्रदेश संयोजक डॉ. विजयशंकर मिश्रा और सह-संयोजक मोहनलाल पवार ने इस आशय का एक पत्र बुधवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपकर बताया कि विगत 24 मार्च को जगदलपुर के दंतेश्वरी मंदिर के सामने होलिका दहन कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी लखमा द्वारा अन्य सहयोगियों के साथ अपने हाथों से मतदाताओं को पैसे बांटे गए।

भाजपा सांसद सोनी सहित भाजपा नेताओं ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे अपने पत्र में कहा है कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखमा द्वारा मतदाताओं को पैसे बाँटने तथा अन्य प्रकार से चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। उनके द्वारा धन-बल के प्रयोग द्वारा चुनावों में भ्रष्ट आचरण किया गया वर्तमान लोकसभा चुनाव में वह बस्तर से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान वो मतदाताओं को अक्सर धन बाँटते हैं भाजपा नेताओं ने पत्र में बताया है कि विगत 24 मार्च, 2024 को बाँटी गई धनराशि के मौके की कुछ लोगों ने फोटो खींचकर सोशल मीडिया में वायरल भी की है।

प्रत्यक्षदर्शियों तथा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के इस भ्रष्ट आचरण की शिकायत भी की गई है, जिसके उपरान्त निर्वाचन अधिकारी की शिकायत पर दिनांक 24 मार्च को पुलिस द्वारा थाना जगदलपुर सिटी कोतवाली में कांग्रेस प्रत्याशी लखमा के विरुद्ध लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123, और इंडियन पैनल कोड की धारा 171 बी, 171 ग और 171 ई, एवं 188 के तहत आपराधिक प्रकरण (एफआईआर) क्र. 155/2024 दर्ज किया गया है किन्तु उक्त अपराध जमानती धाराओं के तहत दर्ज होने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी लखमा तथा उनके सहयोगियों के भ्रष्ट आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ है तथा उनका यह कृत्य निरंतर जारी है।

41 पौवा देशी शराब के साथ नरेश गिरफ्तार

रायपुर। एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस 'निजात अभियान' के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत मंदिर हसौद थाना पुलिस ने 41 पौवा देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 27 मार्च को थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा मंदिर हसौद चौक स्थित रेलवे क्रॉसिंग पास दोपहिया वाहन में अवैध रूप से शराब का परिवहन करते आरोपी नरेश साहू पिता गणेश राम साहू उम्र 36 साल निवासी चंदखुरी बस्ती थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 41 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 4,510/- रूपये तथा घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन सी जी/04/एन डब्ल्यू/4894 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 282/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट तथा का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

एक्सिस बैंक में एनआरआई ग्राहकों के लिए अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट की डिजिटल ओपनिंग की शुरुआत

एक्सिस बैंक ने अपने मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से गिफ्ट सिटी में एनआरआई ग्राहकों के लिए अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट की डिजिटल ओपनिंग की शुरुआत की

गिफ्ट सिटी डिपॉजिट्स के लिए डिजिटल यात्रा की पेशकश करने वाला पहला बैंक

शुरू से आखिर तक पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलेस ज़ आकर्षक ब्याज दरें

7 दिन से लेकर 10 वर्ष तक की विभिन्न अवधि के लिए उपलब्ध

लोकशक्ति।

रायपुर, 27 मार्च, 2024- देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज एक्सिस बैंक आईबीयू- गिफ्ट सिटी में एनआरआई ग्राहकों के लिए डिजिटल यूएस डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट की शुरुआत करने की घोषणा की। इस शुरूआत के साथ, एक्सिस बैंक गिफ्ट सिटी डिपॉजिट के लिए डिजिटल प्रक्रिया की पेशकश करने वाला पहला बैंक बन गया है। एक्सिस बैंक के एनआरआई ग्राहक अब एक्सिस बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन 'ओपन बाय एक्सिस बैंक' के माध्यम से गिफ्ट सिटी में अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। इस तरह अब एनआरआई ग्राहकों के लिए अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट बुक करने की प्रक्रिया बहुत सरल हो जाती है। उन्हें शुरू से आखिर तक डिजिटल पेपरलेस की सुविधा मिलती है और उन्हें किसी तरह का कोई डॉक्यूमेंट फिजिकल फॉर्मेट में पेश नहीं करना होगा। किसी भी समय, कहीं से भी निर्बाध रूप से एफडी खाता खोलने के अलावा, ग्राहक अपनी एफडी को डिजिटल रूप से ट्रैक और मैनेज भी कर सकते हैं।

आकर्षक ब्याज दरों के साथ, एक्सिस बैंक एनआरआई को निवेश के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। यूएस डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट के तहत ग्राहकों को सात दिनों से लेकर दस साल तक की निवेश अवधि की एक व्यापक रेंज भी मिलती है। ग्राहक एक्सिस बैंक मोबाइल एप्लिकेशन से एफडी को आंशिक या पूर्ण रूप से समय से पहले बंद करने का अनुरोध भी कर सकते हैं। अपनी गिफ्ट सिटी फ्रेंचाइजी को मजबूत करने पर बैंक के फोकस पर प्रकाश डालते हुए एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट और हैड- होलसेल बैंकिंग प्रोडक्ट्स विवेक गुप्ता ने कहा, ''गिफ्ट सिटी में एक अग्रणी बैंक के रूप में एक्सिस बैंक हमेशा सरकार के विजन के साथ खड़ा है। इसी सिलसिले में बैंक कॉर्पोरेट और रिटेल दोनों श्रेणी के ग्लोबल निवेशकों के लिए गिफ्ट सिटी को पसंदीदा फाइनेंशियल सर्विस डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित करने के सरकार के विजन को सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने गिफ्ट सिटी आईएफएससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) के डिजिटल एफडी मूल्य प्रस्ताव के साथ रिटेल एनआरआई ग्राहकों को आकर्षित करने के अवसर से उत्साहित हैं। आईबीयू की डिजिटल यूएस डॉलर एफडी एनआरआई ग्राहकों को विभिन्न अवधि और ब्याज दरों के कई विकल्पों में से चुनने में सक्षम बनाएगी और हम उन्हें आईबीयू की समर्पित टीम से मिलने वाली उच्च गुणवत्ता वाली सेवा को लेकर आश्वस्त करना चाहते हैं।''

एक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव और हेड-एफ्लुएंट बैंकिंग, एनआरआई, कार्ड्स एंड पेमेंट्स अर्जुन चौधरी ने कहा, ''एक्सिस बैंक ओपन बैंकिंग की शक्ति में विश्वास करता है और हम लगातार डिजिटल-फर्स्ट ऐसे प्रोडक्ट्स में निवेश कर रहे हैं, जो ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकें। इस प्रयास में हम अपने एनआरआई ग्राहकों के लिए गिफ्ट सिटी में डिजिटल यूएस डॉलर एफडी पेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं, जो अब हमारे साथ एक सहज बैंकिंग अनुभव का लाभ उठा सकते हैं। यह प्रस्ताव फिजिकल डॉक्यूमेंट्स की आवश्यकता को समाप्त करके हमारे ग्राहकों को सुविधा प्रदान करता है। साथ ही ग्राहकों को आकर्षक ब्याज दर और विभिन्न अवधि के विकल्पों के साथ निवेश का एक सुरक्षित अवसर भी मिलता है।''

खास - खबर

31 मार्च तक टैक्स जमा कर बचे अधिभार से

भिलाई। भिलाई निगम क्षेत्र के करदाताओ को बिना अधिभार एवं शस्ति शुल्क के टैक्स पटाने पॉच दिन शेष है करदाता घर बैठे 31 मार्च तक आनलाईन टैक्स का भुगतान कर 1 अप्रैल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार तथा राशि एक हजार रूपये शास्ति शुल्क के दण्ड से मुक्त हो सकते है। निगम ने भवन मालिको की सुविधा के लिए हिन्दी में वेबसाईट लांच किया जिसके लिंक https//Chhattishgarhmunicipal.com/nagarnigam/citizen/ में संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा, ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेटबैंकिग, यूपीआई पूछा जायेगा जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है। निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउन्टर खोले गये है जो अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। गौरतलब है कि 31 मार्च के पूर्व नागरिक अपने आवासीय, व्यावसायिक भवनों के संपत्तिकर सहित निगम के अन्य देय कर राशि को जमा करके 1 अप्रेल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार तथा एक हजार रूपये शस्ति शुल्क की राशि से बच सकते है।

शहादत दिवस पर भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव का स्मरण, बही देश भक्ति गीतों की बयार

भिलाई । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीद भगत सिंह दुर्गोत्सव समिति कैम्प-1 द्वारा भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेवजी का शहादत दिवस 23 मार्च को भगत सिंह चौक गौरव स्थल पर मनाया गया। इस मौक़े मुख्य अतिथि के रूप में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, शैलेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, रश्मि सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक प्रतिनिधि वार्ड-30 अवतार सिंह व सर्वजीत कौर के साथ समिति के अध्यक्ष दिलीप पांडेय, सुनील रजक, प्रशांत जायसवाल, संतोष सिंह, नरेंद्र वर्मा, संदीप यादव, नरेश, संतोष साव, सुशील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इस मौक़े पर देश भक्ति संगीत व विशाल भंडारा भी सम्पन्न हुआ।

दुर्ग के सत्ती चौरा पर गोबर के कंडों से बनी 7 फीट की होलिका जली

दुर्ग। दुर्ग शहर के सत्ती चौरा में गोबर के कण्डों, कपूर, लौंग, इलायची एवं सुगंधित धूप से होलिका दहन किया गया। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग के सत्ती चौरा गंजपारा में होलिका दहन पर अपनी ऐतिहासिक परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी सिर्फगोबर के कंडों से होलिका दहन किया गया। होली के दिन लोग होलिका में लकड़ियों के साथ कई अन्य चीजें भी डाल देते हैं जिससे प्रदूषण फैलता है। लकड़ियां भी अलग अलग तरह की होती है जिसका धुआं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में सत्तीचौरा, दुर्ग शहर में अनूठी पहल के तहत गोबर के कण्डो, कपूर, लौंग, इलायची एवं सुगंधित धूप से होलिका दहन किया गया। आयोजक प्रमुख योगेन्द्र शर्मा बंटी एवं राहुल ने बताया कि सत्ती चौरा दुर्ग में विगत 10 वर्षों से इसी तरह होलिका दहन किया जा रहा है। इस वर्ष गौठान, गौशाला एवं डेयरी से लगभग 4000 नग गोबर के कंडे, 8 किलो कपूर, 500 ग्राम लौंग, 500 ग्राम इलायची एवं सुगंधित धूप, गुड़ एवं नीम के पत्तों से होलिका दहन किया गया। पूरे शहर में घूम घूमकर होलिका दहन समिति के आयोजकों से गोबर के कंडों की होलिका दहन करने की अपील की गई।

हर्षोल्लास से मनी होली, पूरे जिले में कोई अप्रिय घटना नहीं, विधायक रिकेश सेन ने की प्रशंसा

पुलिस कप्तान बोले - जनता का पुलिस को मिला भरपूर सहयोग

भिलाई। होली को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा के इंतजाम की वजह से वैशाली नगर विधानसभा में शांतिपूर्ण ढंग से आज रंगों का त्यौहार होली धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान छावनी, सुपेला, जामुल, वैशाली नगर, खुर्सीपार थाना और स्मृति नगर चौकी सहित अतिरिक्त बल की तत्परता शांतिपूर्ण होली संपन्न कराने में सफल रही। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार है।

जिला कप्तान सहित पुलिस अधिकारियों की कल से लगातार मुस्तैदी और फील्ड में सक्रिय भूमिका का ही परिणाम है कि होली के दिन एक भी अप्रिय घटना नहीं हुई। इस बार शराब के नशे में हुड़दंग करने वालों के आलावा मारपीट सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रहने वालों को न सिर्फ कड़े निर्देश थे बल्कि ऐसे आशंकित लोगों को जिला प्रशासन ने होली के पूर्व ही कैद कर लिया था नतीजतन क्षेत्र की शांतिप्रिय जनता का प्रशासन को पूरा सहयोग मिला और शांतिपूर्ण ढंग से शालीनतापूर्वक होली जैसा बड़ा त्यौहार हम सभी ने हर्षोल्लास के साथ मनाया है। इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन को श्री सेन ने साधुवाद दिया है।

आपको बता दें कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी थानों को साफतौर पर निर्देश दिया गया था कि होली में लफंगो पर विशेष नजर रखी जाए। सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में होली को लेकर श्रमिक इलाकों कैम्प, राम नगर, छावनी, जामुल में खासा उत्साह देखा गया। चारों तरफ खुशनुमा माहौल कायम था। इस त्यौहार को लेकर बच्चों व नवयुवकों में तो उत्साह था ही बूढ़े लोग भी खासे उत्साहित थे। उन पर भी फागुनहट इस कदर सवार थी कि वे भी रंग में गोता लगाते हुए इस त्यौहार का लुत्फ उठाते रहे। सभी जगह होली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। होली के अवसर पर रंग में भंग डालने वाले हुड़दंगियों से निपटने के लिए एसपी ने नगर समेत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। आज लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं पारंपरिक होली गीत गाकर एक-दूसरे को रंग से सराबोर जरूर किया मगर इस दौरान नशे में मारपीट जैसी अप्रिय कोई घटना नहीं हुई और रंगो का त्यौहार होली धूमधाम एवं सौहार्दपूर्ण रूप से मना।

होली की सुबह होते ही फेसबुक, वाट्सएप्प, एसएमएस के आलावा सोशल नेटवर्किंग माध्यमों से लोगों ने होली की शुभकामनाएं देते हुए तस्वीरें साझा कीं। नीला, पीला, हरा गुलाबी कच्चा पक्का रंग से महिला, पुरूष, युवा व बच्चे होली के रंग में सराबोर रहे। रंगों से बचने के लिए कोई इधर भाग रहा था तो कोई उधर, परंतु रंग, अबीर और गुलाल से सभी रंगे नजर आए। लोग टोलियां बनाकर एक दूसरे को होली की शुभकामना देते नजर आए। रंगों के इस अनूठे पर्व को मानने में महिलाएं व बच्चियां भी पीछे नहीं दिखीं। लोगों ने खूब जमकर रंग गुलाल उड़ाए। होली गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। वैशालीनगर विधानसभा में होली के दौरान कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के अतिरिक्त जिले से आए बल को भी चौक चौराहों पर तैनात किया गया था। हिन्दू तथा मुस्लिम भाइयों ने भाईचारे का परिचय देते हुए एक दूसरे को गुलाल के साथ गले भी लगाया। अबकी होली में लोगों ने प्राकृतिक रंगों को ज्यादा स्थान दिया।

वैशाली नगर सहित सम्पूर्ण दुर्ग जिले में होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में फिक्स पॉइंट बनाये गये जिसमें करीबन तीन सौ से ज्यादा की संख्या में अतिरिक्त बल को तैनात किया गया था। दुर्ग जिले के शहरी और देहात इलाके में दुर्ग पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ सुबह से तैनात रहे और संदिग्ध वाहन चालकों पर अपनी निगरानी बनाये रखे हुये थे। होली त्यौहार में हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए दुर्ग पुलिस ने जिले के विभिन्न चौक- चौराहो फिक्स पॉइंट पर पुलिस जवान तैनात किये थे। जहाँ आने-जाने वाले दुपहिया और चौपहिया वाहनों पर ये जवान अपनी निगाहें जमाए हुये थे। संदिग्ध वाहनों की आशंका पर पुलिस के जवान वाहन चालकों के दस्तावेजों की भी जांच में जुटे रहे। जिले के सभी छोटे बड़े चौक चौराहों पर अमूमन यही स्थिति दिन भर देखने को मिली। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि होली त्यौहार को लेकर दुर्ग पुलिस द्वारा पूरी तरह से बंदोबस्त किया गया था ताकि आमजन शांतिपूर्ण तरह से होली का त्यौहार मना सकें। जिले की जनता का भी पूरा सहयोग मिला नतीजतन सम्पूर्ण जिला में शांतिपूर्ण ढंग से होली का त्यौहार लोगों ने सेलिब्रेट किया।

स्वस्थ बच्चों के प्रजनन के लिए सफेद बाघों का विनिमय

भिलाई । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र न सिर्फ इस्पात उत्पादन के लिए बल्कि सफेद बाघों के प्रजनन के लिए भी ख्याति प्राप्त है। 21 मार्च 2024 को मैत्री बाग चिड़ियाघर में एक सफेद बाघिन 'जया' को रायपुर के जंगल सफारी, नंदनवन जू से लाकर छोड़ा गया। इन-ब्रीडिंग को रोकने और आउट-ब्रीडिंग के उद्देष्य को ध्यान में रखते हुए भिलाई के मैत्री बाग से एक सफेद बाघिन 'रक्षा' को जंगल सफारी, रायपुर भेजा गया है।

नंदनवन जू, जंगल सफारी, रायपुर से एक सफेद बाघिन 'जया' को लाया गया। 6 वर्ष 5 माह की सफेद बाघिन 'जया' को संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा मैत्रीबाग चिड़ियाघर के इन्क्लोजर में छोड़ा गया। स्वस्थ बच्चों के लिए इन-ब्रीडिंग को रोकने और आउट-ब्रीडिंग के उद्देष्य से इस आपसी विनिमय के तहत मैत्रीबाग चिड़ियाघर से एक सफेद बाघिन को नंदनवन जू, जंगल सफारी, रायपुर भेजा गया। सेन्ट्रल जू अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार यह विनिमय किया गया है।

एक ही परिवार के माता-पिता से पैदा होने वाले बच्चे आगे चलकर अस्वस्थ, विभिन्न बिमारियों और संतान उत्पत्ति कर सकने में कठिनाई होती है। रायपुर के जंगल सफारी की जया भी एक ही परिवार के माता-पिता से उत्पन्न हुई है और उसे दूसरे समूह के नर से संतान उत्पत्ति के लिए लाया गया है। इसी तरह भिलाई में भी 'रक्षा' को रायपुर भेजा गया है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक प्रभारी वी के शर्मा, महाप्रबंधक एच शेखर, उप महाप्रबंधक अजय कुमार, उप महाप्रबंधक डॉ एन के जैन, सहायक महाप्रबंधक आर के गर्ग, राज्य शासन से आए हुए चिकित्सक डॉ राकेश वर्मा, डॉ सोनम मिश्रा और भिलाई इस्पात संयंत्र, मैत्री बाग जू के आरिफ खान तथा राजेश कुमार शर्मा, ललित यादव, योगेश कुमार चंद्राकर एवं प्रेम कुमार, जूकीपर-ए के सिन्हा, के नरसैया, मोहन, मोहम्मद मोहर्रम, जितेन्द्र कुमार, सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी बी विभाग में किया गया वृक्षारोपण

भिलाई । भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट - बी विभाग में विगत दिनों पर्यावरण के संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, महाप्रबंधक एम हुसैन, महाप्रबंधक ए के सिंह और महाप्रबंधक एन जी हलदर सहित प्रमुख अधिकारीगण वृक्षारोपण अभियान में पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु एकजुट होकर वृक्षारोपण किया। ओर हैंडलिंग प्लांट बी विभाग द्वारा की गई यह पहल, एन्वार्मेंटल सस्टेनेबिलिटी के प्रति भिलाई बिरादरी की ओर से संगठन की जिम्मेदारी और समर्पण को रेखांकित करती है।

वृक्षारोपण अभियान ओएचपी बी के क्रशिंग प्लांट के करीब, मैरी गो राउंड (एमजीआर) क्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए किया गया है। यह स्थान जहां वैगनों को ट्रैक हॉपर में उतारा जाता है, सामग्री प्रबंधन कार्यों में पर्यावरण संरक्षण के एकीकरण पर विशेष जोर देता है। इस पहल का उद्देश्य, इस क्षेत्र को हरा-भरा करके, आसपास की सुंदरता बढ़ाते हुए और पारिस्थितिक विविधता को समर्थन करते हुए, सामग्री प्रबंधन गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना है।

बीएसपी के यूआरएम एवं आरएसएम कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिली सराहना

भिलाई । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने कर्मचारियों को संयंत्र के संचालन में उनके योगदान हेतु, उनके कार्यक्षेत्र पर किये गए अनुकरणीय प्रदर्शन और असाधारण योगदान को पहचान कर उनका सम्मान करने के लिए उन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने, उत्कृष्ट कार्यों को बढावा देने, समर्पित प्रयासों को पहचानने और कर्मचारियों को बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित करने का माहौल बनाने के उद्देश्य से कई प्रयास किये हैं। सयंत्र हमेशा से अपने कर्मचारियों की कर्मनिष्ठा एवं उनके प्रयासों की सरहना करते हुए आ रहा है। संयंत्र के कर्मचारियों को इस तरह के पुरस्कारों से सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य, सुरक्षा के मानक मापदंडों का पालन करते हुए संगठनात्मक उद्देश्यों को पूर्ति करके कार्यस्थल पर उनके द्वारा प्रदर्शित ईमानदार प्रयासों और कडी मेहनत को स्वीकार करना और सम्मान देना है। जिससे अन्य कार्मिकों को भी प्रेरणा मिल सके और वे अपने काम के प्रति लगन से मेहनत करते हुए अपने विभाग एवं संयंत्र को गौरवान्वित कर सके।

ऐसी ही एक पहल में, कर्मचारियों को किसी विशेष कार्य या शिफ्ट के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभाग प्रमुख द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने अपने कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया।

इनमें सीनियर ओसीटी सुदामा महिलांगे, ओसीटी मदन गोपाल, तकनीशियन ई चिरंजीवलू, सीनियर ओसीटी इंद्रजीत सिंह, ओसीटी प्रमोद कुमार वर्मा, ओसीटी सुधीर कुमार यादव, ओसीटी नीतेश्वर सिंह धुर्वे और ओसीटी ततिकोंडा श्रीकर शामिल है। श्री सेनगुप्ता ने संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्रों में यह उल्लेख किया कि, मैं आपके द्वारा किए गए अच्छे काम की सराहना करता हूं। मुझे आशा है, कि आप भविष्य में भी अपने ईमानदार प्रयास जारी रखेंगे और दूसरों के बीच उत्कृष्टता की संस्कृति का प्रसार करेंगे। सुदामा प्रसाद महिलांगे, मदन गोपाल तथा ई चिरंजीवलू को टेंडेम यूएफरोल के लिए सुचारू रूप से तेल की आपूर्ति करने हेतु नए रोल पास टैंक को स्थापित करने में उनके योगदान हेतु प्रसंशा पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

इंद्रजीत सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा और सुधीर कुमार यादव को एचपीडब्ल्यू-3 के पंप-1 को पंप-2 और 3 के लिए स्टैंडबाय पंप के रूप में उपयोग करने में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कटिंग प्रक्रिया के दौरान उच्च दबाव वाले पानी की आपूर्ति हेतु एचएस-2 और एचएस-3 के लिए अतिरिक्त स्टैंडबाय के रूप में पंप का उपयोग करने के लिए हाउस में एक नया ब्रिज वाल्व सिस्टम विकसित किया गया। नीतेश्वर सिंह धुर्वे व तातिकोंडा श्रीकर को सेकेंडरी डीस्केलर के दबाव को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त मैन्युअल संचालित वाल्व की स्थापना में सराहनीय योगदान और अथक प्रयासों से रखरखाव लागत को कम करने के लिए इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारी व अमला के साथ निरीक्षण कर देखी वार्ड की सफाई व्यवस्था

सुबह नल खुलने के समय कातुलबोड़ वार्ड पहुंचे आयुक्त, नागरिको ने कहा मिल रहा है पर्याप्त पानी

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,उपअभियंता मोहित मरकाम के साथ आज प्रातः साफसफाई व्यवस्था वार्ड क्रमांक 10 एवं 9 का भ्रमण किया।वार्डों व बाजार में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

बुधवार को आयुक्त चन्द्राकर ने शंकर नगर व गिरधारी नगर वार्ड 10 व 9 में होने वाली सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वे वार्ड नंबर 60 में भी पहुंचे।

जहाँ नल खुलने के दौरान पेयजल समस्या के संबंध में प्राप्त शिकायत के दौरान भ्रमण किया गया।उन्होंने निरीक्षण के दौरान लोगो को पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना बतलाया गया। इस अवसर पर आयुक्त ने नागरिकों से जानकारी में पूछा गया। नागरिको ने कहा मिल रहा है पर्याप्त पानी।उल्लेखनीय है कि वार्ड में पानी की निकासी के लिए निर्मित नालियों की सफाई के साथ-साथ अंदरूनी मार्ग तथा आवागमन के लिए उपयोग होने वाले मार्गों पर नियमित सफाई करने के निर्देश निगम आयुक्त ने दिया । इसके अलावा मुख्य सड़क मार्ग के दोनों तरफ किसी भी प्रकार की गंदगी अथवा मिट्टी का ढेर जमा नहीं होने देने की चेतावनी दी है। सुबह निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नाला व नालियों का निरीक्षण कर सुपर वाइजर को निर्देश देते हुए कहा कि नाला के आस पास दुकानों व घर वालो को जाकर चेताये कि नालों में दुकान का झिल्ली पन्नी एवं अन्य कचरा न डाले।उन्होंने सफाई सुपरवाइजरों को यह भी निर्देश दिए गए कि अपने तैनाती वार्ड के घरों के लोगों से सघन संपर्क करते हुए की गीला कूड़ा/ सूखा कूड़ा अलग-अलग करके ही कूड़ा दें।

जिससे सही प्रकार से निस्तारित किया जा सके।साथ ही आयुक्त द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थान पर कूड़ा एकत्रित हो तो उसे तत्काल संबंधित कर्मी को सूचित करते हुए कूड़ा उठान कर लिया जाए।यदि किसी भी घरों के द्वारा इधर-उधर मार्गो गलियों में कूड़ा फेंका जाता है तो इसकी सूचना स्वास्थ्य अधिकारी को दें एवं उनके माध्यम से उन्हें जागृत करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में होली

दुर्ग। रंगो का पर्व होली पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय दुर्ग के राजऋषि भवन केलाबाड़ी व आनंद सरोवर बघेरा में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।होली पर्व के अध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए रीटा बहन संचालिका (ब्रह्माकुमारीज दुर्ग) ने बताया कि जब हम प्रतिपल परमात्म संग का अनुभव करते हैं तो परमात्मा के गुण पवित्रता, सुख, शान्ति, आनंद, प्रेम का जीवन में संचार होने लगता है ।

होली की विशेषता है जलाना, फिर मनाना और फिर मंगल मिलन करना। इन तीन विशेषताओं से यादगार बना हुआ है। क्योंकि पवित्र बनने के लिए पहले पुराने संस्कार, पुरानी स्मृतियाँ सभी को परमात्मा के याद की अग्नि मे जलायेंगे तभी परमात्मा के संग का रंग लगेगा जब परमात्मा के संग का रंग लग जाता है तब हर मनुष्य आत्मा परमात्मा की संतान लगती है व विश्व की सर्व आत्माओं से परमात्म परिवार की महसूसता होने लगती है। परमात्म परिवार होने के कारण हर आत्मा के प्रति शुभ कामना स्वतः ही स्वभाविक संस्कार बन जाती है।

इस अवसर पर आत्म स्मृति स्वरूप सभी को गुलाल का तिलक लगाया गया व रंगों के स्थान पर पुष्पों की वर्षा की गयी व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कुमारी युक्ति, जागृति, चंद्राणी, मौसमी, रुचिका के द्वारा राधा-कृष्ण संग गोपियों के रास की मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित सभाजनों को भाव विभोर कर दिया।

इस पर्व को मनाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान सेजुड़े हुए एवं अनेक स्थानों से तथा सूदूर ग्रामीण अंचलों से काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए मंच संचालन रुपाली बहन व चैतन्य प्रभा बहन ने किया ।

संपादकीय

हसीन सपने भर नहीं मेहनत

कर्तव्य के प्रति इमानदारी रखने वाले पीएम मोद अमरावती की जनसभा में वे शिक्षा-स्वास्थ्य के अनेक उन्नत केंद्रों से राज्य को एक जीवंत हब बनाने का ऐलान करते हैं। इनमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे अनेक संस्थानिक उपहारों का पिटारा खोलते हैं-इस अंदाज में कि ये लीजिए,वो भी लीजिए। और बोलिए कि और आपको क्या चाहिए।' ऐसा दो ही स्थितियों में होता है-जब आप किसी को बेहद मूल्यवान और वजनदार मानकर उसको साधने में बिछ से जाते हैं या फिर किसी को अपने अस्तित्व का बेहद सगा मानते हैं। उसके स्वागत-सत्कार में कसर नहीं छोडऩा चाहते। वैसे चुनावी मौसम में यह दल-निरपेक्ष आम रवायत है।पर भाजपा और नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में खास है। मंच पर इसके साक्ष्य थे-तेलुगू देशम के चंद्रबाबू नायडू और जनसेना के नेता। एनडीए के संयोजक रहे नायडू की सालों बाद एनडीए में वापसी हुई है। हालांकि नायडू भ्रष्टाचार के मामले, जिसके खिलाफ पीएम का अभियान है, में अभी पिछले महीने जेल से जमानत पर हैं। इस विडम्बना के बावजूद भाजपा और प्रधानमंत्री का भरोसा है कि वे इनके सहारे आंध्र प्रदेश की लोक सभा सीटों से 400 पार' जाने का पुख्ता इंतजाम कर लेंगे।विधानसभा में भी कुछ सीटें लाकर गठबंधन सरकार का हिस्सा बन सकते हैं। पिटारा खोलने की यह पहली स्थिति है। यहां कर्नाटक की 25 सीटों की बड़ी भरपाई करनी है,जो कांग्रेस के कब्जे में है-तेलंगाना भी। केरल में भाजपा के नामलेवा तो एकाध हो गए हैं, पर वे सीटें लाने वाले अभी भी नहीं हैं।

गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख,

गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख,
मजलूम पर, जिन्दगी खाक कर देख।

पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत,
कभीअपनी गिरेंबा में झांक कर देख।

चादरों में सुराख़ करना,आसां बहुत,
अपनी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।

खुश है, नुक्स पर पराई मीनारों के,
बारिश में ढहती दीवार ढांक कर देख,

भ्रम है, तुझे,जिंदगी रंगीन है बहुत, मुफलिसी में जरा झांक कर देख,

गैर की दौलत से किसका भला हुआ,
फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,

बेईमीनी चार दिन की चाँदनी, ,
एक दिया पाक जला कर देख,

जलते घरो से हाथ सेंकना, आसां,
तिनका खुद का जरा जलाकर देख,

खुशी अभी रूठी नहीं है, तुझसे संजीव,
खिलखिलाहट में मासूम की, झांक कर देख,

संजीव ठाकुर,

भारतीय इतिहास का अमर सम्राट अशोक महान

- सुरेश सिंह बैस शाश्वत

अशोक महान् बिंदुसार के पुत्र थे, यद्यपि अशोक बड़े पुत्र नहीं थे पर बिंदुसार के बाद गद्दी पर यही बैठे। अपने पिता के समय में वह उज्जैन का सूबेदार रह चुका था और तक्षशिला का विद्रोह उसी ने दबाया था। उसे शासन का काफी अनुभव था। अशोक 269 ई. पू. गद्दी पर बैठा। कुछ ग्रंथों का कहना है कि वह अपने भाईयों की हत्या करके गद्दी का अधिकारी बना। पर यह बात गलत है क्योंकि उसके कुछ भाई तो बाद में भी उसके साथ रहते थे। पर गद्दी पर बैठने के समय अशोक को कुछ संघर्षो का सामना अवश्य करना पड़ा था, क्योंकि वह 269 ई. पू. में गद्दी पर बैठा जबकि बिंदुसार की. मृत्यु 273 ई. पू. में हो चुकी थी। बीच के तीन - चार वर्ष संघर्ष के कारण ही अशोक का राज्याभिषेक नहीं हो पाया।

अशोक के गद्दी पर बैठने के बाद के सात वर्षों के संबंध में कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है। उसके राज्याभिषेक के आठवें वर्ष में अर्थात 262 ई. पू. में एक ऐसी घटना हुई जिसने अशोक के जीवन में एक महान परिवर्तन कर दिया। यह घटना थी कलिंग का युद्ध । अशोक ने भी अपने पिता तथा पितामह की भाँति दिग्विजय की नीति अपनाई थी। एक विशाल सेना लेकर अशोक ने कलिंग राज्य पर आक्रमण किया। आधुनिक उड़ीसा तथा गंजम के क्षेत्र को उस समय कलिंग कहा जाता था। कलिंग के राजा ने बड़ी वीरता से अशोक का सामना किया, पर अंत में उसकी पराजय हो गई। इस युद्ध में भयानक रक्तपात हुआ। 1,50,000 शत्रु बंदी हुये, 1,00,000 हताहत हुये, और 7 इससे कई गुना मर गये। स्पष्ट है कि इस युद्ध में कितना भीषण रक्तपात हुआ होगा। युद्ध के निर्मम रक्तपात से अशोक के हृदय को बहुत ठेस पहुँची और उसने निश्चय कर लिया कि भविष्य में वह कभी युद्ध नही करेगा। वह राज्य जीतने के बजाय लोगों का हृदय जीतेगा, और दिग्विजय करने के बजाय धर्मविजय करेगा। कलिंग का युद्ध अशोक के जीवन में एक बहुत बड़ा मोड था।

कलिंग युद्ध में जो बर्बादी हुई,इसके लिये अशोक अपनी साम्राज्य लिप्सा को ही उत्तरदायी मानता था। पर इतनी बर्बादी के कारण उसका हृदय द्रवित हो गया। इसी कारण उसकी प्रवृत्ति बौद्ध धर्म की ओर हो गई। इसी समय एक बौद्ध भिक्षु उपगुप्त से अशोक की भेंट हुई। उपगुप्त की बातें सुनकर अशोक पर और भी अधिक प्रभाव पड़ा। सम्राट अशोक ने एक लेख में स्वयं लिखा है कि दो वर्षों तक उसने केवल एक उपासक की भाँति जीवन बिताया और धर्म के कार्यों में अधिक उत्साह नहीं दिखाया। उसके बाद ही वह बौद्ध संघ में सम्मिलित हुआ। कुछ विद्वानों का मत है कि अशोक बौद्ध धर्म का अनुयायी नहीं था पर उन्हीं का मत यह भी है कि वह उत्साही बौद्ध था। अशोक ने स्वयं को बुद्ध, संघ तथा धर्म का भक्त कहा है। अशोक ने बौद्ध धर्म के तीर्थ स्थानों की यात्रा की। उसने यज्ञ व बलि को बंद करवाया तथा धर्म के प्रचारार्थ स्तूप व स्तम्भ बनवाये व धर्म की शिक्षाएं उन पर खुदवाई। उसने बौद्ध धर्म के अनुयायियों की एक सभा भी बुलाई थी। इन सभी बातों से स्पष्ट है कि अशोक बौद्ध धर्म का पक्का अनुयायी था।

बौद्ध धर्म का अनुयायी बनने के बाद अशोक ने अपना सारा समय धन और राज्य साधन बौद्ध धर्म के प्रचार लगा दिया। देश में ही नहीं विदेशों में भी उसने इस धर्म का प्रचार किया। आज बौद्ध धर्म भारत से लगभग समाप्त सा हो गया है, पर दक्षिण - पूर्वी एशिया में इस धर्म के अनुयायियों की संख्या काफी है। अशोक एक महान बौद्ध सम्राट था। बौद्ध धर्म के प्रचार के लिये उसने निम्नलिखित उपाय किये-

ीर्थयात्रा- अशोक ने बौद्ध धर्म ग्रहण करने के बाद सभी बौद्ध तीर्थों की यात्रायें करनी आरंभ की। सबसे पहले उसने गया की यात्रा की, जहाँ भगवान् बुद्ध को सच्चा ज्ञान प्राप्त हुआ था। वहाँ उसने बोधिवृक्ष के सामने श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद उसने बुद्ध के जन्म स्थान ÷लुम्बिनी वन÷ की यात्रा की। वह सारनाथ, कपिल वस्तु तथा कुशीनगर भी गया। अपनी यात्रा की । बाद में उसने इन स्थानों पर स्मारक बनवाए तथा इन यात्राओं से जनता का ध्यान बौद्ध धर्म की ओर आकृष्ट किया । इन यात्राओं के दौरान वह स्थान - स्थान पर धार्मिक सभाएँ भी कराता था, जिसमें धर्म का विस्तार होता था। इन चर्चाओं में जनता को बौद्ध धर्म की अनेक शिक्षाओं का पता लगता था।

अहिंसा - अहिंसा पर अशोक ने बहुत जोर दिया। उसने अपने व्यक्तिगत तथा राज्य के धार्मिक सिद्धांत के रूप में बौद्ध धर्म को अपना लिया। उसने शिकार खेलना बंद कर दिया। एक आदेश द्वारा उसने वर्ष के मुख्य मुख्य 56 दिनों के लिये पशुवध बंद करवा दिया। अहिंसा के नियमों का समाज में अच्छी तरह पालन हो, इसकी जाँच के लिये उसने विशेष पदाधिकारी नियुक्त कर दिये।

अशोक के धर्म महामात्र नामक अधिकारियों की नियुक्ति की। इन धर्म महामात्रों को स्थान स्थान पर घूमना, पड़ता था और उन्हें यह देखना पड़ता था कि जनता अपने व्यक्तिगत जीवन में बौद्ध धर्म के नियमों का पालन करती है या नहीं। इसके अलावा महामात्र उन्हीं लोगों को बनाया जाता था जो बौद्ध धर्म के अनुयायी होते थे। और उनसे आशा की जाती थी कि देश का भ्रमण करते समय वे बौद्ध धर्म का प्रचार भी करें। अतः जनता धर्म का पालन भी करने लगी और बौद्ध ज़ धर्म का प्रचार भी बढ़ने लगा ? संघों और मठों का निर्माणबौद्ध भिक्षुओं तथा भिक्षुणियों के रहने के लिये अशोक ने बहुत से संघ तथा विहार बनवाये। वे मठ-विहार बौद्ध धर्म के प्रचारकों के केंद्र थे। इनको चलाने के लिये सारा खर्च राज्य की ओर से दिया जाता था। बौद्ध धर्म के विद्वानों को भी राज्य की ओर से सहायता दी जाती थी। इसके अतिरिक्त अशोक ने बहुत से स्तूप भी बनवाये, जिनमें सांची का स्तूप व आहूत का स्तूप बहुत प्रसिद्ध है।

विदेशों में प्रचार अशोक ने केवल देश 7 में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बौद्ध धर्म को फैलाने का प्रयत्न किया। इस कार्य के लिये उसने बौद्ध धर्म के बहुत से प्रचारक बाहर के देशों को भेजे। इन प्रचारको को बाहर के देशों में बड़ी सफलता मिली। अशोक ने अपने पुत्र महेंद्र तथा पुत्री संघमित्रा को भी धर्म के प्रचार के लिये ज़लंका भेजा। लंका का राजा तिस्स तथा उसके साथ उसके बहुत से दरबारियों व साधारण जनता ने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। अशोक ने सीरिया, मिस्त्र मकदूनिया और एपीरस को भी धर्म प्रचारक भेजे। हिमालय प्रदेश में मज्झिम नाम का एक भिक्षु प्रचार के लिये भेजा गया। वहाँ उसने बहुत से लोगों को बौद्ध धर्म में दीक्षित किया।

बौद्ध धर्म सम्मेलन बौद्धमत के अनुयायियों में कुछ मतभेद पैदा हो गये थे। उनको दूर करने के लिये अशोक ने अपनी राजधानी पाटलीपुत्र में एक बौद्ध सम्मेलन बुलाया। यह सम्मेलन अशोक के शासन के सत्रहवें वर्ष के पश्चात् अर्थात 252 ई. पू. के लगभग बुलाया गया था। इस सम्मेलन की सभापति भिक्षु उपगुप्त थे। कुछ विद्वान का कहना है कि इस सम्मेलन के सभापति भिक्षु भोग्गलिपुत्र तिस्स थे। इस सम्मेलन से बौद्ध धर्म के अग्रेतर प्रचार में बड़ी सहायता मिली। इस समय बौद्ध धर्म के सिद्धांतों को ÷कथावस्तु÷ नामक ग्रंथ में संकलित किया गया।

व्यक्तिगत आदर्श अशोक जानता था कि दूसरों को किसी बात की शिक्षा देने के पहले स्वयं उसका पालन करना चाहिये, तभी दूसरों पर उस शिक्षा का असर पड़ता है। अतः सबसे पहले जनता के सामने उसने अपना व्यक्तिगत आदर्श पेश किया। अशोक ने माँस खाना, शिकार खेलना, नाच देखना आदि सब छोड़ दिया। वह स्वयं भिक्षु बन गया था और धर्म के नियमों को जीवन में मानता था। इसका जनता पर बड़ा असर पड़ा। अहिंसा के सिद्धांत को अपनाकर उसने घोषणा की कि अब (कलिंग के बाद वह अन्य कोई युद्ध नहीं करेगा। कहते है यथा राजा तथा प्रजा अर्थात जैसा राजा होता है, वैसी ही प्रजा भी हो जाती है। इस प्रकार अशोक ने जनता के सामने अपना व्यक्तिगत आदर्श रखा जिससे जनता पर बड़ा प्रभाव पड़ा।

बौद्ध धर्म को राज्य धर्म बनाना अशोक के जीवन में बौद्ध धर्म इतना घुलमिल गया था कि उसने राज्य धर्म का स्थान भी बौद्ध धर्म को दे दिया। राज्य धर्म बन जाने से जनता बौद्ध धर्म के प्रति बहुत आकृष्ट हुई। उन दिनों राजा की स्थिति को देखते हुये यह बहुत स्वाभाविक ही था कि राज्य की जनता उसी धर्म में श्रद्धा रखें, जिसमें उसका राजा रखता हो। इस प्रकार बौद्ध धर्म का अधिकाधिक प्रचार हुआ।

?अशोक का धर्म रक्षक बन जाना शिलालेखों से यह भी पता लगता है कि ज़ अशोक बौद्ध धर्म का रक्षक बन गया था। भबू शिलालेख से पता लगता है कि उसने भिक्षुओं के आचरण के लिये कुछ सिद्धांत नियत किये थे। और उन सिद्धांतों का पालन न करने वालों के लिये दण्ड भी नियत किये थे। इस प्रकार धर्म को समुचित ढंग से उन्नत करना अशोक का एक बड़ा महत्वपूर्ण कार्य था।

ज़ सरकारी प्रयत्न अशोक ने अपने राज्य के सभी पदाधिकारियों को आदेश द रखा था कि वे धर्म के प्रचार के लिये प्रयत्न करें। उनको आदेश था कि अपना आचरण ठीक रखें और यह भी ध्यात रखें कि जनता आचरण के नियमों कापालन करें। अशोक ने राजधानीवाले ऐसे सभी त्यौहार व समारोह बंद कर दिये, जिसमें पशुओं की लड़ाई होती . थी, बलि दी जाती थी या शराब पी जाती. थी। इनके स्थान पर उसने धार्मिक त्यौहार व समारोह शुरु किये।

सड़कें, विश्रामालय व अस्पताल आदि बनवाना धर्म प्रचारकों की सुविधा के लिये अशोक ने सड़के बनवाई, उन घर छायादार पेड़ लगवाये और कुएँ खुदवाये। सड़कों के किनारे थोड़ी थोड़ी दूर पर, विश्रामालय बनवाये। जनता के लिये अस्पताल बनवाये गये, जिनमें लोगों को मुफ्त दवा मिलती थी। अशोक ने सड़कों के किनारे बड़ी बड़ी शिलाएँ लगवाई, जिन पर उसने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को अंकित करवाया ताकि आने जाने वाले सभी लोग इन शिक्षाओं को आसानी से पढ़ सकें। इस प्रकार बौद्ध धर्म का प्रचार करने के लिये अशोक ने बहुत महान कार्य किया। इसी कारण बौद्ध धर्म के इतिहास में अशोक का स्थान सबसे ऊंचा है। महान अशोक सम्राट नहीं वरन् अशोक जनता का सेवक था।

वह अपने सुख के सामने जनता के सुख की अधिक चिंता करता था। उसके एक लेख में लिखा है- ÷सभी जन मेरी संतान हैं और जिस प्रकार मैं अपनी संतान के लिये इस लोक और परलोक में सभी प्रकार की सुख समृद्धि की कामना करता हूँ। उसी प्रकार मैं सारी प्रजा के लिये सुख समृद्धि की कामना कहता हूँ एक अन्य लेख में यह विवरण मिलता है? ÷हर समय, चाहे मैं भोजन करता होऊ, महल में, या धार्मिक स्थान में होऊ, सभी स्थानों पर अधिकारी मुझे जनता के मामलों की सूचना देते रहें।÷ अशोक की. धारणा थी कि प्रजा के कल्याण से बढ़कर, सम्राट के लिये और कोई काम नहीं है। प्रजा के कल्याण का कार्य करने में वह कभी भी थकान नहीं महसूस करता था।

यह निजी विचार है।

स्वर्ग का अधिपति; 'हुलेश्वरानंद पापोनाशक महाराज' की कथा

सुबह मैं टहलते हुए घर लौट रहा था, मगर शायद होलो की इतनी चढ़ गई थी कि मैं सुनसान और अनजान रास्ते में भटक गया था। शायद भूलन खुंद लिया था। घंटो चलता रहा तब जाकर एक जगह मुझे सूर्य के सुनहरे धूप से रौशन घर दिखाई दिया। मैं इससे पहले नारायणपुर में ऐसा घर कहीं नहीं देखा था, विश्वास था अबूझमाड़ सहित समूचे बस्तर में ऐसा घर कहीं नहीं है। फिर भी विश्वास का मुझे कौन सा मुरब्बा बनाना है, मुझे तो मुरियापारा वापस लौटने का रास्ता जानना था सो मैं घर के निकट जाने का निर्णय लिया।

घर के किनारे से जाती हुई बेहद पवित्र जल वाली एक नरवा गुजर रही है। मैंने मारे थकान और प्यास के चुल्लू भर पानी पीने का निर्णय लिया, किनारे उतरकर पानी को स्पर्श किया, बिल्कुल कंछ शीतल जल। हाथ धोकर चुल्लू भर पानी पीया, आहा! अति उत्तम! ऐसा स्वादिष्ट पानी मानो नारियल पानी हो। पीते हुए गले तक भर लिया तब समझ में आया कि बहुत पी लिया हूं। अब नहीं पीना घर जाने का रास्ता खोजना है। आज पहली बार ऐसा हुआ है कि मैं घर में मोबाइल फोन भूलकर आया हूं अन्यथा दुर्गम्या और तत्वम जोशी के कहां हो पापा? कब आओगे पापा? इतनी देर से क्या कर रहे हैं पापा? का जवाब नहीं दे सकता।

पानी पीकर आगे बढ़ा, नरवा के पार से लगा हुआ ये सैकड़ों एकड़ के प्लाट में रंग बिरंगे अनोखे फूलों की बगिया। सबमें एक विशेष प्रकार की सुगंध। मानो परमानंद की प्राप्ति हो गई। वो वाला परमानंद नहीं, हां परमानंद घिरी नहीं जो मेरे बचपन के मित्र हैं। हालांकि परमानंद घिरी प्राथमिक स्कूल, मनकी में ऐसे मित्र रहे हैं जो बहुत आनंददायक थे। अपने नाम की भांति बेहतरीन इंसान। परमानंद की अनुभूति से बाहर निकलने का प्रयास भी नहीं कर पाया था कि फूलों की बगिया में फूलों से खेलते हुए, तोड़ मरोड़ करते हुए, फूलों को चुनते चुनते कब सुबह भाई साहब दोपहर और शाम से गुजरते हुए रात में तब्दील हो गई पता ही नहीं चला। चंद्रमा की शीतल रोशनी और कनकमई फूलों की चमक के वजह से रात होने का भी आभाष नहीं हो रही थी। मैं कौन हूं? कहां हूं? ये क्या कर रहा हूं? सबकुछ भूल गया था, बिल्कुल बच्चा हो गया था। बुद्धू बालक। अंतहीन आनंद में सराबोर चंचल बालक। बच्चों को खेल से अलग केवल भूख और प्यास ही कर सकता है, ठीक मुझे भी भूख लगी। चेतना जगी। चूंकि ÷चेतना बचपन का दुश्मन..!÷ मैं पुनः बचपन और परमानंद से बाहर भूख के आगोस में। वो सामने स्थित घर अब तक सुनहरी नहीं बल्कि दूधिया रोशनी में बेहद खूबसूरत लग रही है। अब मैं पूर्ण चेतना में हूं किंतु मेरा ध्यान मात्र भोजन और भूख पर केंद्रित है।

भूख से तड़पता हुआ अब मैं उस घर के आंगन में हूं। बेहतरीन नक्कासियों से बनी दुर्लभ प्रकार का दरवाजा। बहुत हाईटेक शायद ऐसा हाई टेक्नोलॉजी की खोज करने भी हमें लाखों हजार साल लगेंगे।

÷भीतर कोई हैं..?÷ मैंने आवाज दी। भीतर से 'हुलेश्वरानंद पापोनाश्क महाराज' की जय के नारे सुनाई देने लगी। मैं थोड़ा डर किंतु गौरव के साथ गृह प्रवेश किया। दुर्लभ और सुगंधित फूलों की बरसात के साथ मेरा स्वागत हुआ। एक दिव्य पुरुष रुसे फुल के मालों का हार लेकर मेरे समीप आया। मान्यवर प्रणाम... स्वर्ग की इस अद्भुत महल में आपका हार्दिक अभिनंदन और स्वागत है।

मान्यवर 'हुलेश्वरानंद पापोनाश्क महाराज' आप अपने पुण्यप्रताप और कर्मों के फल से स्वर्ग के अधिपति हैं। इसके बावजूद आपने मोक्ष की स्वीकृति देने में बड़ी देर लगा दी। कई लाखों सालों से मुझे मोक्ष से मुक्त होकर पृथ्वी लोक में इंसान बनने की चेष्ठा रही है किंतु आपके आगमन में विलम्ब के कारण मुझे मोक्ष से मुक्ति और इंसान के रूप में जन्म लेने के लाभ से वंचित रहना पड़ा है। सो आप आज से स्वर्ग के अधिपति के जिम्मेदारी का निर्वहन करिए कहते हुए उस दिव्य पुरुष ने एक अप्सरा से मेरा परिचय कराते हुए ये ÷देवी प्रिया÷ हैं इन्हें बहुत जन्मों पूर्व आपसे प्रेम हुआ था। ईश्वर की खूब भक्ति की है और कई जन्मों तक इन्होंने बड़ा परोपकार किया है। किंतु आप विधि के पति हैं, देवी प्रिया आपके और विधि के प्रेम के बीच कोई दीवार नहीं बनाना चाहती हैं, इसलिए देवी प्रिया ने संकल्प लिया है कि ये समर्पित होकर आपकी हर प्रकार से सहयोग करेंगी और स्वर्ग के अधिपति के रूप में आपका मार्गदर्शन करेंगी। चूंकि आप मृत्युपूर्व मोक्ष को प्राप्त हुए हैं इसलिए जब आप मोक्ष से मुक्त होने का निर्णय लेंगे तब सबसे पहले आप देवी प्रिया को अवगत कराएंगे ताकि देवी प्रिया किसी अन्य देवी को यहां का कार्यभार सौंपकर स्वयं भी मोक्ष का त्याग करके पृथ्वी में आपके साथ आपके द्वारा इच्छित योनि में जन्म लेकर आपकी प्रेमिका हो सकेंगी। अंत में दिव्य पुरुष ने मुझे एक स्वेत पुष्प और एक स्वेत ध्वज भेंटकर मेरा चरण स्पर्श किया और वहां से प्रस्थान कर लिया।

देवी प्रिया सभी देवी देवताओं से मिलवाकर मेरा परिचय कराया। मैंने अपनी इतनी प्रशंसा कभी भी शायद किसी भी जन्म में नहीं सुनी थी। स्वर्ग की अधिपति के पद पर मेरी पहली पोस्टिंग की खुशी में एक शानदार हृश्वद्गठ्ठह्म्श्नश्चस्न क्चह्वद्दद्ग4 रखी गई थी। नाना प्रकार के भोजन और पकवान, शुद्ध शाकाहार, बेहद स्वादिष्ट। भर पेट खाने के बाद देवी देवताओं के साथ वार्तालाप से नजर चुराकर मैं इधर उधर झांकने लगा तो देवी प्रिया मुस्कराते हुए बोलीं 'हुलेश्वरानंद पापोनाश्क महाराज' यहां कोई सोमरस, मंगलरस और संडेरस जैसा कोई रस नहीं मिलता है। आपको रियल फ्रूट जूस से ही जीवन चलाना पड़ेगा, ताकि आप स्वर्ग में निरोगी जीवन जी सकें। मैं भी बेहद प्रसन्न हुआ; क्योंकि यदि स्वर्ग में मांसाहार, मदिरापान सहित भोग विलास का प्रावधान होता तो मैं मोक्ष से मुक्त होने का त्वरित निर्णय ले लेता।

मैं मांसाहार, मदिरापान और भोगविलास का कट्टर विरोधी हूं इसलिए आज स्वर्ग में भी मुझे इन सबसे नफरत है। सोच रहा था यदि ऐसा कुछ होता तो स्वर्ग का अधिपति होने के नाते इसपर कठोरतापूर्वक निर्णय लेकर एक अच्छा राजा होने का जिम्मेदारी पूरा कर लेता। किंतु यदि फिर भी किसी कारण से स्वर्ग को मांस, मदिरा और व्यभिचार से मुक्त न करा पाता तो स्वर्ग की अधिपति के पद से खुद को मुक्त करते हुए वापस पृथ्वी लौट जाता या चाहे तो नर्क ही चले जाने का निर्णय ले लेता।

पार्टी समापन के बाद देवी प्रिया मुझे महुआयुक्त विशेष पान चबाने अनुरोध की। मैं उनके आग्रह का सम्मान करते हुए उनके स्वर्ण पेटी से पान लेकर चबाने लगा; बेहद स्वादिष्ट। आनंद आ गया। मैंने देवी प्रिया को बताया कि अपने बस्तर में महुआ का लड्डू बनता है मैंने कई बार खाया है। एक बेहतरीन इम्यूनिटी बूस्टर है महुआ लड्डू।अच्छा लगता है। बस्तर में महुआ से बनी चाय बहुत प्रसिद्ध हो रही है हालांकि मैंने कभी महुआ चाय नहीं पी है। मैंने उन्हें ये भी बताया कि जब वो मोक्ष से मुक्त हों तो उन्हें बस्तर में जन्म लेना चाहिए। क्योंकि बस्तर बेहद खूबसूरत स्थान है। स्वर्ग जैसे शांति और आनंददायक जीवन के लिए बस्तर में जन्म लेना सर्वथा उचित है। ऊंचे पहाड़ पर्वत, झील और झरने से युक्त प्रकृति की गोद में ही मानव जीवन में आनंद मिलता है। शहरी जीवन की भागमभाग शांति और सुकून से कोसों दूर किंतु विलासिता और सुविधाओं से आच्छादित है।

शांति और सुकून की बात सुनकर देवी प्रिया को हमारे पिछले जन्म की बचपन याद आ गई। तब वो मुझसे बेहद प्रेम करती थी, अकथित किंतु अपार प्रेम की रोगी देवी प्रिया ने मेरी विवाह की सूचना प्राप्त करते ही आजीवन बाल ब्रम्हचर्य व्रत का पालन करने का संकल्प लेकर लगभग दो कल्प युग तक मानव जीवन में परमार्थ करते हुए मोक्ष प्राप्त किया है। देवी प्रिया से वार्तालाप करते हुए रात्रि गुजर गई और दूसरे दिन की सूरज सिर पर आने वाली थी इसके बावजूद अंतहीन बचपन की यादें जीने में हम दोनों मशगूल थे।

पापा उठो न..!
आज मेरी रिजल्ट घोषित होने वाली है।
मैं तैयार हो गई हूं।
आप कब जगेंगे.?
चलो, उठो पापा..!

कु दुर्गम्या जोशी के इन पांच अमृत प्रश्नों के साथ जब निद्रा की त्याग किया तो पता चला मैं मुरियापारा नारायणपुर में ही हूं। अपने परिवार के साथ हूं। ये कोई स्वर्ग नहीं है। मुझे कोई मोक्ष प्राप्त नहीं हुआ है। मैं किसी स्वर्ग का अधिपति नहीं हूं। चलिए अब स्नान करने जाता हूं। शुक्र है आज परीयना प्रशिक्षण (सेना, सशस्त्र बल और पुलिस भर्ती के लिए नारायणपुर पुलिस द्वारा संचालित भर्ती पूर्व निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण) का अवकाश दे दिया हूं।

अंत में एक मजे की बात बता देना चाहता हूं कि मैंने पृथ्वी से स्वर्ग तक का सजीव यात्रा किया है किंतु मुझे पता ही नहीं चल सका कि ये स्वर्ग किस ग्रह का नाम है? क्या यह हमारी आकाशगंगा में है? क्या सच में हमारी मिल्की-वे में ही स्वर्ग है.... या कहीं और..? यदि आप इंसान हैं तो बेशक बुद्धिमान व्यक्ति हैं, इसलिए ये आपको ही तय करना है कि ये जो आपने अभी कथा पढ़ा है वास्तव में सत्य है कि मेरे द्वारा लिखित एक रोचक षड्यंत्र???

यह निजी विचार है।

टीकाकरण अभियान में अवरोध से बढ़ता संक्रामक बीमारियों का खतरा

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

विश्वव्यापी टीकाकरण अभियान में अवरोध का असर सामने आने लगा है। दुनिया के देशों के सामने खसरा, हेजा, हेपेटाइटिस सहित 14 से अधिक बीमारियों के फैलने का संकट उभरने लगा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देषों में हेजे के कारण मौत का आंकड़ा लगभग दो गुणा हो गया है। तपेदिक नए वेरियंट में आने लगी है जिसमें लगातार खांसी नहीं होने के कारण तपेदिक का पता लगने तक काफी देरी होने लगी है। दरअसल कोरोना ने अपने साइड इफेक्ट इस हद तक छोड़ गया है कि उसका असर हमें प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से आने वाले कई सालों तक देखने का मिलेगा। कोरोना के कारण दुनिया के देशों में टीकाकरण अभियान पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। 2019 के अंतिम त्रैमास से 2020 तक कोरोना त्रासदी और उसके बाद कोरोना के नित नए वेरियंट के कारण स्वास्थ्य को लेकर चल रहे विभिन्न अभियानों पर सीधा सीधा असर पड़ा है। मजे की बात यह है कि उसका असर अब दिखाई देने लगा है। इंपिरियल कॉलेज लंदन के शोधार्थियों ने भारत सहित 112 देशों में किए गए अध्ययन में यह पाया है कि टीकाकरण में कोरोना काल में टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के कारण 2030 तक दुनिया के देशों में खसरा सहित 14 बीमारियों के फैलने के कारण अतिरिक्त मौत होगी। एक अनुमान के कारण अकेले खसरे के कारण ही 40 हजार से अधिक जान जाने का अनुमान है। हैजे के कारण होने वाली मौतों के आंकड़ें सामने आये हैं। करीब करीब दो गुणी गति से हैजे के मामलें सामने आने लगे हैं। 2023 में सात लाख के करीब मामलें सामने आये हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसीलिए चिंता जताई है।

दरअसल टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के लिए किसी को दोष भी नहीं दिया जा सकता। कोरोना 2019 के हालात ही ऐसे थे कि उस समय केवल और केवल कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने और लोगों की जान बचाना एकमात्र प्राथमिकता रह गई थी। हालात भयावह थे तो न भूतो न भविष्यति के हालात थे। सब कुछ ठहर जाने और दुनिया के किसी भी कोने में नजर डालों चारों और मौत का तांडव ही दिखाई देता था। सारी दुनिया का ध्यान इस त्रासदी से एक एक जान बचाना बड़ी प्राथमिकता थी। इस दौरान टीकाकरण अभियान तो जोर शोर से चला पर वह अन्य बीमारियों के स्थान पर कोरोना से बचाव के वैक्सीनेशन और उसके पहली और दूसरी डोज पर ही केन्द्रीत रहा। दुनिया के देशों तक कोरोना वैक्सीन पहुंचाना पहली प्राथमिकता रही। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए भारत ने सारी दुनिया का नेतृत्व किया। परिणाम सामने है। आज कोरोना का आतंक लगभग समाप्त हुआ है पर कोरोना के साइड इफेक्ट आज भी सामने हैं। हालांकि कोरोना में मौत को नजदीक से देखने और कोरोना के कारण लाचारगी के बावजूद दुनिया के देशों में जो समझ आनी चाहिए थी वह कोसों दूर है। रुस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, चीन की दादागिरी सहित दुनिया के देशों में संघर्ष, आतंकवादी घटनाएं बहुत कुछ सोचने को मजबूर करती है। हालांकि यहां विचार करना विषयांतर होगा। दरअसल कोरोना काल ही ऐसा था कि उस समय वर्षो से चले आ रहे अभियान लगभग ठहर ही गए थे। बल्कि यों कहा जाए कि उस समय सारी दुनिया का ध्यान सबसे हटकर कोरोना त्रासदी से बचाव की और ही रह गया था।

खास खबर

लोकसभा चुनाव बस्तर सीट पर नामांकन का दौर शुरू

रायपुर। लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के निर्वाचन हेतु बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए आज राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी के रूप में कवल सिंह बघेल, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी के रूप में महेशराम कश्यप, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी के रूप में आयतु राम मंडावी और हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी के रूप में नरेन्द्र बुरका ने अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए अब तक कुल पांच अभ्यर्थियों द्वारा कुल सात नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रथम चरण के मतदान अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च को की जाएगी। उम्मीदवार 30 मार्च तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

नगर निगम कमिश्नर और एनआईटी के डायरेक्टर के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक

रायपुर। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निर्देशक एन वी रमन्ना राव और प्राध्यापकों के साथ आज महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में शहरी क्षेत्र में जलभराव, जल निकास व्यवस्था जैसे चुनौतियों को दूर करने में आधुनिक तकनीकों के उपयोग सहित रायपुर शहर योजना के निर्धारण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई । एन आई टी और रायपुर नगर निगम शहरी विकास को नई दिशा देने मिलकर काम करेगा इसके लिए दोनों के मध्य शीघ्र एम ओ यू निष्पादित होगा । निगम आयुक्त श्री मिश्रा के अनुसार नगरीय क्षेत्र में कचरों के निष्पादन , बारिश के दिनों में जल भराव, समुचित पेयजल की सुलभता जैसे कई विषयों सहित शहर विकास योजना में राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी। इस संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शहर विकास की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एन आई टी के डायरेक्टर रमन्ना सहित प्रोफेसर डॉ.आर के त्रिपाठी, डॉ. जी डी रामटेकर, डॉ. समीर बाजपेयी, प्रो. सन्याल सहित नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा , कार्यपालन अभियंता इमरान ख़ान शामिल हुए।

मतदान जागरूकता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के दीवार लेखन में नारे बने आकर्षण का केन्द्र

राजनांदगांव । जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसकी एक बानगी ग्रामीण क्षेत्रों के दीवार लेखन में दिखी। जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और दीवारों पर नारे लिखे जा रहे हैं, ताकि जनसामान्य में मतदान के प्रति रूझान रहे। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जनपद सीईओ राजनांदगांव तनुजा मांझी, जनपद सीईओ डोंगरगांव नवीन कुमार, जनपद सीईओ डोंगरगढ़ दिव्या ठाकुर, जनपद सीईओ छुरिया नारायण बंजारा द्वारा स्वीप के तहत वाल राइटिंग के लिए कार्य किया जा रहा है। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ टीम द्वारा मतदान के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है। वोट करे बर सब ला हे जाना मंडी हो चाहे कन्या शाला, वोट डालबो सब चलो ठाठ से सुरगी हो चाहे रतनभाट से, अंजोरा हो या घुमका वोट डालना है।

मतदान के लिए फोटोयुक्त दस्तावेज होंगे मान्य

रायपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

भाजपा प्रत्याशी ने जमा किया पर्चा

जनता का विश्वास भाजपा के साथ सभी 11 सीटें जीतेंगे - किरण देव

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की उपस्थिति में मंगलवार दोपहर में शुभ मुहूर्त पर अपना नामांकन पत्र जमा किया, नामांकन पत्र जमा करने के पहले भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने मांई श्री दंतेश्वरी देवी के मंदिर में पूजा अर्चना की और वहाँ से नामांकन दाखिल करने सीधे जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुँचे और जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के समक्ष पर्चा जमा किया।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी श्री कश्यप के दाखिल नामांकन में प्रस्तावक पूर्व सांसद दिनेश कश्यप व डा. सुभाऊ कश्यप हैं। नामांकन जमा करने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि बस्तर की जनता के आशीर्वाद से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप विजयी होंगे। जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा की जीत का परचम लहरा कर केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी, पर्चा दाखिल कर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर की जनता का विश्वास व आशीर्वाद भाजपा के साथ है। बस्तर की उत्तरोत्तर प्रगति व संस्कृति को अक्षुण्ण रखने का संकल्प है। जनता जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी।

नामांकन जमा करने के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, डा. सुभाऊ कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, कमलचंद भंजदेव, अनिल शर्मा,आलोक अवस्थी उपस्थित रहे।

जेसीआई ने कॉलेज में मनाई होली

रायपुर। जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड के सदस्यों ने मैक कॉलेज के कर्मचारियों के साथ होली मनाई। सदस्यों ने उपहार साझा करके और उनके साथ नृत्य करके सभी के चेहरे पर मुस्कान ला दी। रंगारंग उत्सवों पर कर्मचारियों के साथ माहौल खुशी और हंसी से भरा हुआ था। यह सिर्फ रंगों के साथ खेलने के बारे में नहीं था; यह कॉलेज समुदाय के भीतर खुशी फैलाने और संबंध बनाने के बारे में था।

लेकिन जश्न यहीं खत्म नहीं हुआ, सदस्यों ने चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ एक और जश्न भी मनाया। वे बुजुर्ग लोगों के साथ फूलों की होली खेले, उनके साथ नाचे, और साथ में खूब मस्ती की। इन खुशी के पलों को साझा करते हुए सभी के चेहरों पर मुस्कान देखना दिल को छू लेने वाला था।ये उत्सव पार्टियों से कहीं अधिक था, वे सदस्य लोगों को एक साथ लाने और खुशी फैलाने के बारे में चाहते थे। फिर वह कॉलेज के कर्मचारियों के साथ नृत्य करना हो या बुजुर्गों के साथ खेल खेलना हो, सदस्यों ने खुशी के पल गुज़ारे और स्थायी यादें बनाईं।ये क्षण हमें दोस्ती, हंसी और दूसरों की देखभाल के महत्व की याद दिलाते हैं। कुल मिलाकर, यह उत्सव सामाजिक एकता और सहयोग को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर, लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलन का आनंद लिया और एक-दूसरे के साथ खुशियों का अनुभव किया। वे साथ में खेलें और नाच-गाने का आनंद लिया। महाविद्यालय के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. एम.एस. मिश्रा, चैप्टर प्रभारी जे.सी ऋषि पांडे, अध्यक्ष जे.सी फरजान सिद्दीकी और सचिव जे.सी रौनक बेंगानी के मार्गदर्शन में यह उत्सव संपन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में किया गया अधिसूचित

जांजगीर-चांपा । कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर ज्ञानेन्द्र ठाकुर एवं उप संचालक योजना सांख्यिकी पायल पांडेय ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, प्राधिकार प्राप्त मीडियाकर्मी, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक, भारतीय खाद्य निगम, जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग के जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी। बैठक में संयुक्त कलेक्टर ज्ञानेन्द्र ठाकुर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी हुआ है, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से ऐसे कर्मचारी जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 12 अप्रैल एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2024 है। प्रारूप 12 घ में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी का मोबाईल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही दर्ज करना अनिवार्य है। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। बैठक में संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

प्राधिकार पत्रधारी पत्रकार भी डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस लोकसभा निर्वाचन में प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों के लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा दी गई है। प्राधिकार पत्र प्राप्त करने वाले पत्रकार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे। आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें चिन्हांकित स्थान पर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा होगी।

विश्व शांति महायज्ञ के साथ श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन

रायपुर। आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आठ दिवसीय अष्टानिका पर्व के तहत आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ की पूजा का समापन 24 मार्च को हुआ।

ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया की विधान मंडल के समापन पर रविवार को पाण्डु शिला में आज 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर को विराजमन कर स्वर्ण कलशों से अभिषेक एवं शांतिधारा कर नित्य नियम पूजा की गई। आज की वृहद सुख शांति प्रदाता शांति धारा करने का सौभाग्य मेनेजीग ट्रस्टी नरेंद्र गुरुकृपा ,संजय जैन सतना प्रेमी परिवार, महेंद्र कुमार सनत कुमार चूड़ी वाला परिवार,राकेश जैन राजेश रज्जन जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

आज भगवान के 1008 सहस्त्र नाम की वृहद शांति धर्म विधानाचार्य ब्रह्मचारी विजय भईया गुणायतन द्वारा मंत्रोचार के साथ की गई। इसके बाद सम्पूर्ण विश्व में शांति सौहार्द शांति बने रहे इसलिए विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन किया गया था जिसमे चौबीस तीर्थंकर कुंड, गौतम गणधर कुंड एवं पंच परमेष्ठी कुंड बनाए गए। हवन कुंडो में अग्नि प्रज्वलित कर ऋषि मंडल, पंच परमेष्ठी, चौबीस तीर्थंकर, विदेह क्षेत्र के बीस तीर्थंकर, चौसठ ऋद्धि मंत्रो की आहुतियां दी गई। हवन कुंड में घी, धूप, कपूर, समिधा, गोला आदि डालकर आहुतियां दी गई। हवन कुंड से निकली सुगंध से बड़ा मंदिर का संपूर्ण जिनालय भक्ति भाव से महक उठा। अंत में ट्रस्ट कमेटी एवं कार्यकारणी सदस्यों द्वारा विधानाचार्य विजय भईया का पूरे भक्ति भाव से आदर पूर्वक सम्मान किया।

इस महा आयोजन में सागर मध्यप्रदेश से आए संगीतकार ओमकार ग्रुप के लता निलेश जैन द्वारा शानदार भक्तिमय संगीत से सबको मंत्रमुद्ध कर दिया आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के ट्रस्ट कमेटी एवं कार्यकारिणी नरेंद्र जैन गुरुकृपा मेनेजिग ट्रस्टी,सनत जैन ट्रस्ट्री,संजय जैन सतना ट्रस्टी प्रभात जैन ट्रस्टी, भरत लाल भोरावत,संजय जैन नायक अध्यक्ष, सहयोग करने वाले समस्त समाज के सदस्य समस्त प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक वेब मीडिया का धन्यवाद किया है।

मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा : धनखड़

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और सामाजिक विमर्श पर इसके प्रभाव को स्वीकार करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण मीडिया की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा। श्री धनखड़ ने कहा कि मीडिया को भारत को समझने के लिए सही दृष्टिकोण बताने वाला बनना चाहिए और छवि खराब करने वाले सुनियोजित आख्यानों का शिकार नहीं बनना चाहिए।

एक बहुलवादी और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि नागरिक संशोधन अधिनियम (सीएए) भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित नहीं करता है। उन्होंने कहा कि सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोस में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। श्री धनखड़ ने 'एनडीटीवी इंडिया ऑफ द ईयर अवाड्र्स 2023-24' समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों द्वारा निर्देशित सीएए जैसे कदमों के सकारात्मक प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर मानवाधिकार के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक संदर्भ और प्रभाव को पहचानने में विफल रहे। वह देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा। मीडिया के राजनीतिकरण के प्रति आगाह करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि मीडिया एक पंजीकृत मान्यता प्राप्त या गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल नहीं हो सकता है।

गोवर कंडे, घी, कपूर, हवन सामग्री से हुआ वैदिक होलिका दहन

राजनांदगांव। गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव के मार्गदर्शन में शिव मंदिर बंगाली चाल बसंतपुर एवं माँ पंचगव्य गौशाला ग्राम लिटिया में वैदिक होलिका दहन का आयोजन किया गया। वैदिक होलिका दहन का आयोजन वैदिक परंपराओं के आधार पर किया गया। जिसमें गोवर कंडे, घी, कपूर, हवन सामग्री सहित अन्य पूजन सामग्री का उपयोग किया गया। संस्थान के सदस्य गव्यसिद्ध डिलेश्वर साहू ने बताया कि होली का त्यौहार सदियों और गर्मियों के मौसम के बीच में आता है, इस दौरान वायरस की संख्या बहुत अधिक होती है। जब होलिका दहन वैदिक परंपरा से मनाई जाती है, तो वातावरण में वायरस को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि होलिका दहन में अज्ञानतावश लोगों द्वारा हरे-भरे वृक्ष, टायर, ट्यूब, प्लास्टिक अन्य का उपयोग किया जाता है, जो अनुचित है।

–भक्ति भाव के साथ बड़े ही श्रद्धा पूर्वक मनाया गया होली का उत्सव श्री दूधाधारी मठ में

प्राचीन कालीन परंपराओं के साथ मनाया गया होली

संवाददाता

राजधानी रायपुर स्थित श्री दूधाधारी मठ में बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक होली उत्सव का त्यौहार मनाया गया। यहां होली उत्सव मनाने की प्राचीन कालीन परंपराएं हैं। जिसका निर्वाह प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया गया। रात्रि 11:30 बजे मठ के सामने निर्मित होली का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करके होलिका दहन पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के समक्ष किया गया। उपस्थित जन समूह ने परिक्रमा करके एक -दूसरे को रंग गुलाल लगाकर साथ ही राजेश्री महन्त जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर होली मनाया। सुबह भगवान का श्रृंगार करके ढोल नगाड़ों के साथ मंगल श्रृंगार आरती संपन्न हुआ। दोपहर में भगवान के साथ रंगोत्सव मनाया गया, भगवान को रंग गुलाल अर्पित करके पूजा अर्चना की गई। राजेश्री महन्त जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि- होली का उत्सव असत्य पर सत्य की तथा अहंकार पर भक्ति की विजय का प्रतीक है। भक्त प्रहलाद को हिरण्यकशिपु ने बहुत त्रास दिया उन्हें होली की प्रज्वलित अग्नि में भी बिठाया गया, लेकिन भगवान श्री हरि के नाम का जाप करते हुए भक्त प्रहलाद ने भगवान का प्रत्यक्ष दर्शन किया। श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने लिखा है कि- सहे सुरन्ह बहु काल विषादा। नरहरि प्रकट किए प्रहलादा।। उन्होंने लोगों को होली के उत्सव का शुभकामनाओं के साथ बधाई दी। मठ मंदिर के पुजारीयों तथा विद्यार्थियों ने भी नगाड़े बजाकर खूब उत्सव मनाया। राजेश्री महन्त जी ने पुरानी बस्ती रायपुर स्थित जैतुसाव मठ पहुंचकर भी पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपन्न किया।

अनुपस्थित श्रेणी ''अनिवार्य सेवा'' हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की दी गई सुविधा

जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल

जांजगीर-चांपा संवाददाता।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र ठाकुर एवं उप संचालक योजना सांख्यिकी श्रीमती पायल पांडेय ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, प्राधिकार प्राप्त मीडियाकर्मी, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक, भारतीय खाद्य निगम, जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग के जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र ठाकुर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी हुआ है, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से ऐसे कर्मचारी जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 12 अप्रैल एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2024 है। प्रारूप 12 घ में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी का मोबाईल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही दर्ज करना अनिवार्य है। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। बैठक में संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

प्राधिकार पत्रधारी पत्रकार भी डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान –

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस लोकसभा निर्वाचन में प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों के लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा दी गई है। प्राधिकार पत्र प्राप्त करने वाले पत्रकार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे। आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें चिन्हांकित स्थान पर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा होगी।

बीएलओ को डाक मत पत्र के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता।

जांजगीर-चांपा/ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा की उपस्थिति में जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में बूथ लेवल अधिकारी को अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को डाक मतपत्र जारी किये जाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री छिकारा ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी बीएलओ को अनिवार्य रूप से सभी मतदाताओं को 7 अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीएलओ को पूरे गंभीरता से प्रशिक्षण लेते हुए मतदान प्रक्रिया सहित संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी हासिल करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने कहा। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं के लिए डाक मत पत्र के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, उप संचालक संचालक योजना एवं सांख्यिकी श्रीमती पायल पांडेय, मास्टर ट्रेनर्स सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

आगामी लोकसभा निर्वाचन के कार्यों का सुचारू रूप से करें संचालन – कलेक्टर

जांजगीर-चांपा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सभी कार्यों को सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मंडावी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी छाया जैसे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर प्रशिक्षण एवं मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी की जानकारी ली। इसके अलावा डाक मत पत्र, निर्वाचन प्रशिक्षण, चिकित्सा दल एवं मेडिकल किट की व्यवस्था, शिकायत शाखा, निर्वाचन व्यय लेखा, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, कंप्यूटरीकरण एवं वेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण पेड न्यूज के संबंध में विस्तारपूर्वक नोडल अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को उनको दिए गए कार्यों को निरंतर सुचारू रूप के करने तथा रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्वाचन के शिकायत प्रणाली के सबंध में सी विजिल एवं प्राप्त शिकायतों का शीघ्रता से निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन संबंधी जानकारी का अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि सभी प्रशिक्षणार्थियों को सभी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो सके।

स्वीप के तहत ब्लाक स्तरीय मैराथन दौड़

जांजगीर-चांपा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को सभी विकासखंडों में ब्लाक स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित ।

मतदाताओं को जागरुक करने नागरिको ने लगाई मैराथन दौड़

दौड़ लगाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

थर्ड जेंडर सम्मेलन गुरूवार को –

जांजगीर-चांपा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर बुधवार को जिले के सभी विकासखंडों में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा, महिला, पुरूष सहित सभी ने मतदाता जागरूकता के तहत दौड़ लगायी साथ ही मतदान जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे है।

इसी तारतम्य में 27 मार्च बुधवार को जनपद पंचायत बलौदा अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राए व ग्रामीणजन शामिल हुए। मैराथन दौड़ अंतर्गत महिला वर्ग में प्रथम स्थान जागेश्वरी यादव, दितीय स्थान जमोत्री पटेल एवं तृतीय संगीता निर्मलकर इसी प्रकार बालिका वर्ग प्रथम कनिष्का भोई, द्वितीय निशा पटेल एवं तृतीय आसमा यादव एवं बालक वर्ग करन सांडे, सुयन्शु सिंह, केशव कुमार को प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार अकलतरा विकासखंड स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत 2 किमी मैराथन दौड़ आयोजित किया गया। मैराथन में विशाल पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विकासखंड पामगढ़ में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मैराथन में बड़ी संख्या में महिलाओं युवाओं ने भाग लिया और उन्होंने इस दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली। मैराथन में महिला वर्ग में प्रथम स्थान परमेश्वरी रात्रे, दूसरा स्थान कल्पना कश्यप और तीसरा स्थान चंद्रकला ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में पहला स्थान चंद्रप्रकाश रात्रे, दूसरा स्थान दिनेश कश्यप एवं तीसरा स्थान चंद्रिका प्रसाद ने प्राप्त किया। विकासखंड नवागढ़ के अंतर्गत मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जाए। मतदान करने से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। इसलिए हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करे। मैराथन में प्रथम स्थान छोटेलाल, द्वितीय स्थान दुर्गेश साहू एवं तीसरा राहुल साहू को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार विकासखंड बम्हनीडीह में स्वीप कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाओं, नागरिकों, ग्रामीणों, अधिकारी कर्मचारियों ने मैराथन दौड़ लगाई। बालक वर्ग में प्रथम स्थान वासूसिंह, द्वितीय स्थान पंकज पटेल एवं तृतीय स्थान देवेन्द्र बरेठ वहीं बालिका वर्ग में आंचल साहू, द्वितीय स्थान विद्या सिदार एवं तृतीय स्थान सुप्रिया सिदार को प्राप्त हुआ। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को थर्ड जेंडर सम्मेलन का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर भवन चांपा में दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

खास खबर

अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर 3 वाहन जप्त

जांजगीर-चांपा (ए.)। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में खनिज विभाग के सहायक उडनदस्ता दल प्रभारी पीडी जाडे एवं टीम द्वारा जिला जॉजगीर चांपा के पीथमपुर एवं केवा क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन/भण्डारण / उत्खनन करने वाले वाहनों / स्थानों का औचक निरीक्षण किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जाँच के दौरान जिले में पीथमपुर क्षेत्र खनिज रेत के 2 वाहनों एवं केवा क्षेत्र से 1 वाहन अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में गौण खनिजों के अवैध परिवहन करने वाले कुल 3 वाहनों को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। अवैध रेत उत्खनन संभावित पीथमपुर क्षेत्र मे वाहनो के आवाजाही हेतु बनाये गये रैम्प को ग्रामीणो की उपस्थिति में अवरूद्ध किया गया है, जिससे खनिज रेत का अवैध उत्खनन न हो सके। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जावेगी।

पुलिस ने पकड़ा 8 करोड़ का गांजा

रायपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ में पुलिस लगातार नशे के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी बीच महासमुंद में पुलिस को बढ़ी सफ्लता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़ के महासमुन्द जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस को मुखबीर से गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। जिसके बाद ओड़िशा से छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र गांजे की एक बड़ी खेप जा रही थी?, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस के मुताबिक इस गांजे की कीमत करीब 8 करोड़ बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने एक ट्रक से साथ माल को जब्त करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस पूरे मामले को लेकर पुलिस में जानकारी देते हुए बताया कि जब दोनों ही आरोपियों से पूछताछ की गई तो दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपियों ने बताया है कि उनके द्वारा वाहन में पीछे खाली कैरेट के नीचे गांजा दबाकर उड़ीसा से छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र लेकर जा रहे थे। पुलिस की जानकारी के अनुसार जब वाहन को चेक किया गया तो उस वाहन से 50 बोरियों में 862 पैकेट गांजे के मिले हैं। इन पैकेट में 1725 किलोग्राम गांजा भरा हुआ था, जिसकी कीमत 8 करोड़ 62 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। बड़ी संख्या में गांजे की खेप पकड़ने के मामले पर महासमुंद एसपी आकाश राव गिरपुंजे ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर एक ट्रक को रोकने के बाद पूछताछ की गई है इस ट्रक से 8 करोड़ से अधिक का गांजा बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। बतादे कि महासमुंद में अक्सर उड़ीसा के गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ते हैं। इस रास्ते का अक्सर तस्कर दूसरे राज्यों तक गांजा पहुंचाने का इस्तेमाल किया करते हैं, जहां पुलिस लगातार कार्रवाई करती है।

नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर ढाई लाख की ठगी

रायपुर (ए.)। नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर ढाई लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश कुमार 38 वर्ष दोंदेखुर्द विधानसभा का रहने वाला है। प्रार्थी दोंदेखुर्द में श्री सांई ज्वेलर्स नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है आरोपी विशाल कुमार सोनी ने प्रार्थी के दुकान में आकर मुझे जमीन खरीदने के लिए पैसे की आवश्यकता है कहकर अपने पास रखे नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर गिरवी रख दिया और ढाई लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज जांच में लिया है।

फूड पॉइजनिंग से एक ही परिवार के दो मासूम की मौत

कोरबा (ए.)। समीपस्थ ग्राम गिधौरी में चाय रोटी (चावल का चीला) फूड पॉइजनिंग से एक ही परिवार के सात लोग शिकार हो गए। इनमें तीन व छह साल के दो मासूम की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

उरगा थाना अंतर्गत ग्राम गिधौरी में रविवार को होली की खुशियां मातम में बदल गई और गांव में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि गिधौरी गांव में श्रवण कुमार अपनी पत्नी राजकुमारी, दो बेटा और एक बेटी के साथ निवासरत हैं। रविवार की सुबह नौ बजे पति-पत्नी और बच्चे समेत पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई के दो बच्चे एक साथ रोटी खाकर चाय पीए। नाश्ता करने के बाद श्रवण कुमार दोनों भाई-बहन बाहर खेलने चले गए। कुछ देर बाद उनके मुंह से झाग निकला, तब बच्चों ने घर आकर माता-पिता को इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही सभी लोगों की तबियत बिगड़ने लगी। घर में उपस्थित अन्य स्वजन व आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई, तब आनन फानन में उन्होंने डायल 112 व 108 एंबुलेंस को फोन कर बुलाए।

वाहन आने के बाद सभी लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। इस बीच श्रवण कुमार की इकलौती बेटी अमृता कंवर तीन साल की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। श्रवण के बेटे अनंत कंवर छह साल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, पर उपचार के दौरान उसकी मौत भी हो गई। श्रवण की पत्नी राजकुमारी, देवव्रत कुमार और भाई के दो बच्चे सेमकरण कंवर, तेजस्विनी कंवर को भी जिला मेडिकल कालेज में उपचार किया जा रहा है। जिला मेडिकल अस्पताल के डाक्टर जीएस कंवर ने बताया कि एक ही परिवार के सात लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए हैं। सभी का इलाज शुरू कर दिया गया। मासूम की इलाज से पहले ही मौत हो गई। जबकि एक बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गई। फ्लिहाल एक बच्चे की हालत अभी भी गंभीर हैं, बाकी सभी खतरे से बाहर हैं। सांसद ज्योत्सना महंत ने जिला अस्पताल पहुंचकर सभी प्रभावितों का हाल जाना। सांसद ने मृतक मासूम अमृता व आनंद के स्वजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने चिकित्सकों से जानकारी लेते हुए बेहतर उपचार प्रदान करने की बात कही।

होली खेलते समय युवक पर एयरगन से फायरिंग

बिलासपुर (ए.)। जिले से होली के जश्न के बीच हुई एक सनसनीखेज वारदात का मामला सामने आया है। मस्तूरी में होली खेल रहे युवक को बटालियन के जवान ने एयरगन से गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में मचा हड़कंप मच गया। गोली युवक के सीने में लगी है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, यह मामला मस्तूरी के मल्हार चौकी क्षेत्र का है। यहां किसी बात को लेकर बटालियन के जवान और एक युवक पीयूष सिंह के बीच मामूली विवाद हो गया। इस दौरान जवान ने अपना आपा खो दिया और एयरगन से पीयूष सिंह पर फायरिंग कर दिया। गोली सीधे युवक एक सीने में लगी और वाह जमीन पर गिर गया। जिसके बाद युवक को आनन फ्नन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोली चलाने वाला आरोपी पुलकेश नापित है जो छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के दूसरी बटालियन सकरी में पदस्थ है। आरोपी जवान पुलकेश को मल्हार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

नाराज प्रेमी ने जला दी प्रेमिका की कार

रायपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ में एक आशिक ने अपनी प्रेमिका के घर के बाहर खड़ी कार को इसलिए आग के हवाले कर दिया कि उसने सगाई कर ली थी। धोखे का दर्द इतना था कि युवक ने उसकी कार जलाकर मोहब्बत का बदला लिया है।

मामला छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले में सामने आया है। जहां एक पूर्वप्रेमी अपनी मोहब्बत मे इस कदर फेल हुआ कि उसने गुस्से में आकर प्रेमिका के घर के बाहर खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। कुछ दिनों पहले प्रेमिका की सगाई हुई थी। इस सगाई से प्रेमी बेहद ही नाराज था और यही नाराजगी गुस्से की वजह बन गई। नतीजा यह हुआ कि होली के त्योहार के दिन पूर्व प्रेमी ने कार को आग के हवाले कर दिया और अपना बदला ले लिया?।

बताया जा रहा है कि सनकी प्रेमी चेहरे में मुखौटा लगाकर प्रेमिका के घर के बाहर खड़ी कार को आग लगाकर फरार हो गया था। इसके बाद कार के मलिक ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस लगातार सीसीटीवी कैमरे में नकाब पहने आरोपी की तलाश कर रही थी। इस बात का खुलासा तब हुआ जब सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया। सीसीटीवी कैमरे को देखने के बाद आरोपी की पहचान कर ली गई है। फिलहाल आरोपी और उसके दो अन्य साथी फ्रार बताए जा रहे हैं।

पुलिस के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार यह पता चला कि दोनों के बीच स्कूल के दिनों से प्रेम संबंध चल रहे थे। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही युवती की उसी के समाज के एक व्यक्ति के साथ सगाई हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक फ्रवरी माह के वक्त युवक युवती के घर पहुंचा हुआ था, जहां उसने विवाह करने की बात कही थी जिस पर युवती ने इस बात से साफ इनकार कर दिया था। और उसे यह स्पष्ट कर दिया था कि उसकी जहां सगाई हुई है वही वह विवाह भी करेगी। इस पूरे मामले को लेकर युवती के परिजनों का आरोप है कि उन दिनों घर में घुसकर युवक ने देख लेने जैसी धमकी दी थी।

मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा में मनमानी

कॉमथेन को थमाया नोटिस केएमसी ने

कोरबा (ए.)। मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा की कमान कामथेन नामक एजेंसी ने संभाल ली है। एजेंसी को ठेका के नियम और शर्तो की अनदेखी भारी पड़ सकती है। प्रबंधन से एजेंसी को सौ सुरक्षाकर्मी व बाउंसर उपलब्ध कराने अनुबंध किया गया है। इसके विपरित महज 45 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। उनसे 12-12 घंटे काम कराया जा रहा है। जिसे संज्ञान में लेते हुए अधिष्ठाता (डीन) ने नोटिस जारी कर दिया है। उन्होंने तीन दिवस के भीतर सुरक्षाकर्मियों की पूरी जानकारी आधार कार्ड सहित प्रस्तुत करने कहा है। यदि जानकारी प्रस्तुत नही की जाती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने सितंबर 2023 में अस्पताल के अलावा कॉलेज की सुरक्षा के लिए निविदा आमंत्रित किया था। प्रबंधन की ओर से जारी टेंडर में अस्पताल के लिए 80 व मेडिकल कॉलेज के लिए 20 सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराने शर्त निर्धारित किए गए थे। इसके अलावा बाउंसर उपलब्ध कराने का भी प्रावधान रखा गया था। इसके लिए अनुमानित 1 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति की बात कही गई थी। प्रबंधन ने प्रक्रिया पूरी होने के बाद कामथेन सिक्यूरिटी नामक एजेंसी को जवाबदारी सौंप दी। एजेंसी ने 1 मार्च से सुरक्षा का कमान तो संभाल लिया, लेकिन पखवाड़े भर बीत जाने के बावजूद अनुबंध के अनुसार सुरक्षा कर्मियों की तैनाती नही की। एजेंसी महज 45 सुरक्षा एजेंसी से काम चला रही है। उनसे 12- 12 घंटे काम कराया जा रहा है। खबर चलने के बाद मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने एजेंसी को तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया है। डीन ने एजेंसी ने तमाम सुरक्षा कर्मी और बाउंसर के संबंध में मोबाइल नंबर व आधार कार्ड सहित पूरी जानकारी प्रस्तुत करने कहा है। यदि तीन दिवस के भीतर जानकारी प्रस्तुत नही की जाती है, तो निविदा में उल्लेखित नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। अधिष्ठाता ने सुरक्षा एजेंसी को नोटिस जारी किया है। जिसके माध्यम से तीन दिवस के भीतर कर्मचारियों की पूरी जानकारी प्रस्तुत करने कहा गया है। यदि जानकारी प्रस्तुत नही की जाती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नशे का सौदागर गिरफ्तार, नशीली टेबलेट्स जब्त

रायपुर (ए.)। नशे के खिलाफ रायपुर पुलिस के 'निजात अभियान' के तहत बस स्टैंड के पास एक नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी यहां प्रतिबंधित नशीली टेबलेट्स बेचने की फिराक में घूम रहा था। आरोपी के कब्जे से 699 नाईट्रोटेन टेबलेट्स जब्त कर उसके खिलाफ थाना टिकरापारा में नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

दरअसल एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित नया बस स्टैण्ड पास सड़क किनारे एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने की फ्िराक में घूम रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकडा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शैयद रजा निवासी टिकरापारा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 699 नग नाईट्रोटेन प्रतिबंधित नशीली टेबलेट कीमती लगभग 50,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक क्रमांक 232/24 धारा 22सी, नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। अरोपी शैयद रजा पिता शैयद मुस्लीम 32 साल साकिन निगम तालाब के पास भैंसथान मोती नगर थाना टिकरापारा जिला रायपुर।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने दी चेतावनी

30 मार्च को बीजापुर बंद का ऐलान, जवानों पर फर्जी मुठभेड़ का आरोप

बीजापुर। छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठन ने जवानों पर फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगाते हुए 30 मार्च को बीजापुर बंद का ऐलान किया है। इस बंद के ऐलान को लेकर नक्सलियों के बस्तर डिविजन कमेटी के सचिव ने प्रेस नोट जारी किया है। नक्सलियों के इस प्रेस नोट में साल 2024 के जनवरी महीने से लेकर अब तक 15 लोगों की हत्या का आरोप जवानों पर लगाया है। नक्सलियों का कहना है कि इन सभी 15 लोगों की हत्या फर्जी मुठभेड़ में की गई है।



बतादें कि बस्तर में लोकसभा के चुनाव पहले चरण में होने को है। इस बीच नक्सलियों ने क्षेत्रीय लोगों का ध्यान अपने तरफ खीचते हुए आंदोलनकारी बनते दिखाई दे रहे हैं। नक्सलियों ने इस बार 15 लोगों की फर्जी मुठभेड़ में हत्या बताते हुए 30 मार्च को बीजापुर जिले में बंद का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही नक्सलियों ने सरकार पर जमकर आरोप लगाए हैं।

व्यापारियों को नक्सलियों की चेतावनी

बीजापुर जिले में बंद को लेकर नक्सलियों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि इस बंद में एंबुलेंस, अस्पताल और परीक्षा पर जाने वाले बच्चों को ही सिर्फछूट रहेगी। परिवहन और व्यापारिक गतिविधियों को लेकर नक्सलियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि बंद का समर्थन न करने वाले खुद उसके जिम्मेदार होंगे।

जंगल में जाने से किया था मना

होली मनाने गए ग्रामीण को हाथियों ने रौंदा

बलरामपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में जंगली हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत नरसिंहपुर गांव के करीब जंगली हाथी के हमले में रामसूरत गोड़ (65) की मृत्यु हो गई।

उन्होंने बताया कि मरकाडांड़ गांव निवासी रामसूरत गोड़ सोमवार को होली मनाने के लिए अपने रिश्तेदार के घर नरसिंहपुर गांव गये थे। जब वह अपने गांव वापस लौट रहे थे, तब रात लगभग 11 बजे नरसिंहपुर गांव में नदी के करीब एक हाथी ने उन पर हमला कर दिया। इस घटना में गोड़ की मौत हो गई। सुबह वन विभाग को घटना की जानकारी मिली, तब घटनास्थल के लिए वन विभाग के दल को रवाना किया गया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

वन विभाग ने दी सहायता राशि

वन विभाग की ओर से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दी गई है। मृतक के परिजनों को वन विभाग ने 25 हजार रुपए तत्काल दिया गया है। वहीं इसके मुआवजे के राशि औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जारी की जाएगी।

चार हाथी क्षेत्र में घूम रहे हैं

अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से चार हाथी अलग-अलग विचरण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात वन विभाग के कर्मचारियों ने गोड़ को जंगल में जाने से मना किया था, लेकिन उन्होंने उसे अनसुना कर दिया। वन विभाग द्वारा गांवों में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है।

पेट्रोल पम्प संचालकों को सुरक्षित स्टॉक रखने दिए गए निर्देश, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

बलौदाबाजार कलेक्टर चौहान द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संपादन में डीजल एवं पेट्रोल की अतिरिक्त आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट एवं हाईस्पीड डीजल ऑयल (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश 1980 की कड़िका 10 के तहत समस्त पेट्रोल एवं डीजल अनुज्ञप्तिधारियों को नियमानुसार स्टॉक सुरक्षित (डेड स्टॉक सीमा को छोड़कर) रखने को दिए गए हैं। इसके लिए उन्होंने विस्तृत आदेश जारी की है। कलेक्टर चौहान ने उक्त आदेश में विधानसभा निर्वाचन को सुचारू रूप से सम्पादित करने पर बल देते हुए नियमानुसार बलौदाबाजार एवं भाटापारा शहर के लिए पेट्रोल पंपों में डीजल 3000 लीटर, पेट्रोल 1500 लीटर,नगर पंचायत क्षेत्र के पेट्रोल पंप में डीजल के 2000 लीटर, पेट्रोल 1000लीटर इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में डीजल के 2ह्00 लीटर,पेट्रोल 1000 लीटर का स्टॉक सुरक्षित रखने हेतु जिले में स्थित सभी ऑयल कंपनी के पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही पुलिस विभाग को पुलिस बल एवं केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के परिवहन हेतु सुरक्षित स्टॉक रखे जाने कहा। उन्होंने सुरक्षित स्टॉक के डीजल एवं पेट्रोल का वितरण आवश्यकतानुसार प्रोटोकॉल अधिकारी,खाद्य अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशानुसार वितरित करने को कहा है।

खास खबर

दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को मतदान करने मिलेगी निःशुल्क परिवहन व्यवस्था

अम्बिकापुर। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक निर्वाचनों में मतदान दिवस को दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों (80.) आयु वर्ग के मतदाताओं को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गए हैं। आयोग के उक्त निर्देशों के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया जाकर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए निःशुल्क वाहन व्यवस्था की जाने के निर्देश समस्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार उपरोक्त कार्य हेतु निर्धारित किये गये वाहन को मतदाता रथ नाम दिया जाएगा। चयनित वाहन पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर बनवाकर वाहन पर यथास्थान चस्पा किया जायेगा। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस पर दिये जाने वाली निःशुल्क परिवहन व्यवस्था के लिए जिला में पदस्थ उप संचालक, समाज कल्याण विभाग प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त होंगे। भारत निर्वाचन आयोग एवं सीईओ कार्यालय छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु निःशुल्क परिवहन व्यवस्था के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा ने संबंधित अधिकारियों को चौक-चौराहों, हाट बाजारों एवं ऐसे स्थानों पर जहां लोगों की आवाजाही अधिकाधिक होती हो, वहां जानकारी दिए जाने, पैंपलेट वितरण किए जाने निर्देशित किया है।

लोकसभा निर्वाचन : स्वसहायता समूह की महिलाओं ने ग्रामवासियों को मतदान के लिए किया प्रेरित

राजनांदगांव । छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखण्ड के संकुल संगठन मुसराकला में मतदान जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा हाथों में मेंहदी लगाकर जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में स्वीप अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। मतदान जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत बिहान की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने-अपने ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीणों को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। संकुल संगठन मुसराकला में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई।

मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए कल किया जाएगा वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम : कलेक्टर

बेमेतरा। जिले में निष्पक्ष, एवं शातिपूर्ण चुनाव कराने एवं उचित व्यवस्था करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बताया की छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव होना है। जिसको लेकर निर्वाचन आयोग तैयारी में जुटा है। कलेक्टोरेट सभा कक्ष में समय सीमा बैठक के दौरान जिलाधीश ने सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्रों का भ्रमण करने के निर्देश दिये है। इसके साथ कलेक्टर ने अधिकारियों को आदर्श आचार सहिंता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

इस बैठक में उन्होंने मतदान केन्द्रों में फर्नीचर, बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, शेड, शौचालय, व्हील चेयर, समेत कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। वहीं निर्वाचन के दौरान जिले में चेकपोस्ट स्थापित किये गये है। इन चेक पोस्ट में मंदिरा के अवैध परिवहन और 50 हजार से अधिक नगद राशि की जांच, निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को दिए जाने वाले प्रलोभन सामग्री की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं चुनाव के चलते निवार्चन कार्य की प्राथमिकता को देखते हुए विशेष परिस्थिति को छोड़कर अवकाश में भी प्रतिबंध लगाए गए है।

उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं वाईफाई के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में विद्युत व्यवस्था एवं जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों से शासकीय वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मी, पुलिस अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य अधिकारी मतदान कर सकते हैं। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। अब मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाएगी। आयोग ने गत दिवस अधिसूचना जारी कर आयोग द्वारा प्राधिकृत पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है।

बैठक में जिलाधीश ने 28 मार्च को होने वाले वृहद मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी ली और कार्यक्रम के लिए लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता को देखते हुए जिले के सभी राजनीतिक पोस्टर बैनर तुरंत हटाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात जिलाधीश ने लोकसभा आम निर्वाचन मे लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली और आगामी प्रशिक्षण के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने असामयिक हुए ओलावृष्टि से हुए किसानों के फसलों की बीमा राशि समय पर भुगतान करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने धान रखने के लिए चबूतरा फड़ की व्यवस्था करने को कहा। धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेज़ी से करने के निर्देश दिये।

धान उठाव के लिए ज़रूरत मुताबिक़ अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था और हमाल बढ़ाकर धान उठाव की बात कही। बैठक में उन्होंने बेमेतरा जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि किए जाने मतदाता जागरूकता हेतु 28 मार्च 2024 को जिला स्तर पर मंडी प्रांगण बेमेतरा में महिला मतदाता जागरूकता पर वृहद् कार्यक्रम आयोजित करने और सफल बनाने सभी को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की इसी दिन प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड स्तर पर भी एक निश्चित समय दोपहर 12.00 बजे एक साथ वृहद् संख्या में महिला मतदाता शपथ कराया जाना है।

होली के रंग में रंगा महंत परिवार

कोरबा । कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सहज व सरल कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास के निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में कोरबा सहित आसपास के क्षेत्रों से आये लोगों के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बड़े ही आत्मीयता के साथ रंगो का त्यौहार होली रंग-गुलाल के साथ खेली।

साथ ही सांसद निवास में फाग गीतों में सहभागिता देते हुए महंत दंपत्ति ने होली मिलन समारोह पर ढोल-नगाड़े और फगुनी गीतों के साथ राधा-रानी की भक्ति के साथ होली मनायी।

इस मौके पर बड़े-बुजुर्ग और बच्चों सहित मोहल्लेवासियों ने भी होली का जमकर लुत्फ उठाया। सांसद ज्योत्सना महंत व नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ-साथ उमंग का त्यौहार है।

इसे सभी धर्म और जाति के लोग पूरी आत्मीयता के साथ मनाते हैं। होली के दिन ही क्यों नहीं, सभी दिनों में आपसी वैमनष्यता को भुलाकर प्रेम और भाईचारा के साथ सब एक साथ प्रेम के धागे से बंधे रहें। डॉ. महंत व महंत ने होली के इस खास मौके पर पहुंचे सभी अतिथियों का रंग-गुलाल के साथ स्वागत किया।

स्वीप सहेली घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को कर रहीं जागरूक

कांकेर। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत 'स्वीप सहेली' के रूप में कार्य कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा गांव के विभिन्न पारा-टोला में घूम-घूमकर 'चलो मतदान की ओर' का नारा लगाते हुए सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान के दिन मतदान केंद्र में आकर अनिवार्य रूप से वोट करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में व्यवस्था व तैयारियों का लिया जायजा

गरियाबंद। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकरी दीपक कुमार अग्रवाल ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

कलेक्टर अग्रवाल ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में जाकर ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली।

कलेक्टर अग्रवाल को उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी और मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा वापसी पर सामग्री लेने की व्यवस्थाएं बताई। कलेक्टर ने मतगणना के लिए तय कमरों में भी पहुंचकर वहां किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया।

उन्होंने स्ट्रांगरूम तथा मतगणना स्थल पर सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है, साथ ही ईव्हीएम कन्ट्रोल रूम, पेयजल, टायलेट, बैरिकेटिंग, शाईनेज, फायर अलार्म, सहित अन्य व्यवस्थाओं के अलावा विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात टीमों एवं उनके कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, मंडी परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है।

इस अवसर पर एसडीएम गरियाबंद विशाल महाराणा, राजिम अर्पिता पाठक, मैनपुर हितेश पिस्दा, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, एनआईसी के उप निदेशक नेहरू निराला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

आगामी लोकसभा निर्वाचन के कार्यों का सुचारू रूप से करें संचालन : कलेक्टर

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर छिकारा ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सभी कार्यों को सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मंडावी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सभी मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी छाया जैसे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर प्रशिक्षण व मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी की जानकारी ली। इसके अलावा डाक मत पत्र, निर्वाचन प्रशिक्षण, चिकित्सा दल व मेडिकल किट की व्यवस्था, शिकायत शाखा, निर्वाचन व्यय लेखा, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, कंप्यूटरीकरण एवं वेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण पेड न्यूज के संबंध में विस्तारपूर्वक नोडल अधिकारियों से जानकारी ली।

कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को उनको दिए गए कार्यों को निरंतर सुचारू रूप के करने तथा रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के शिकायत प्रणाली के सबंध में सी विजिल एवं प्राप्त शिकायतों का शीघ्रता से निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन संबंधी जानकारी का अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि सभी प्रशिक्षणार्थियों को सभी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो सके।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संयुक्त सचिव ने नगरी के सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया

नगरी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन , भारत सरकार की संयुक्त सचिव(पॉलिसी) आराधना पटनायक विकासखण्ड नगरी के दौरे पर रहीं। इस दरम्यान उन्होंने सर्वप्रथम सिविल अस्पताल नगरी का दौरा कर प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने पंजीयन कक्ष , प्रसव कक्ष , ओटी, वार्ड , और पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बी पी, शुगर, कैंसर मरीजो की स्क्रीनिंग उपचार और फालोअप के बारे में जाना। उन्होंने , संस्था के ,और कायकल्प सर्टिफिकेशन के लिए प्रशंसा की और मुस्कान कार्यक्रम के सफलता के लिए शुभकामनाएं दी । उन्होंने शिशु रोग विशेषज्ञ की कमी को लेकर कहा कि दूरस्थ अंचल में शिशु रोग विशेषज्ञ की आवश्यकता है , जबकि यहां प्रत्येक माह प्रसव 90 से 100 है

ओपीडी प्रतिदिन 350 से 400 है, यहां मॉड्यूलर ओटी भी है जहाँ विशेषज्ञ के द्वारा विभिन्न प्रकार के सर्जरी की जा रही है द्य इसी कड़ी में विश्व टी बी दिवस के कार्यकम में शामिल होकर टी बी मरीजो को फूड बास्केट तथा निकक्षय मित्रो को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया द्य विकासखण्ड में भ्रमण के दरम्यान हेल्थ वेलनेस सेंटर गोरेगांव का भी विजिट किया गया तथा उन्होंने मातृत्व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम और गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की गतिविधि की समीक्षा किया उच्च जोखिम गर्भवती माताओ के नियमित फालोअप को सुदृण करने के निर्देश दिए।

कुछ तो मजबूरियां होगी, वरना यूं ही कोई बेवफा नहीं होता : भूपेश

एजेंसी। लोकसभा चुनाव के चंद दिनों पहले जगदलपुर में बीजेपी ने बड़ा उलटफेर कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में करीबन 2500 कांग्रेस कार्यकर्ता और 6 पार्षदों के साथ जगदलपुर नगर निगम की महापौर सफीरा साहू भाजपा में शामिल हुईं। अब इसी को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल का बयान सामने आया है। भूपेश बघेल ने कहा, कुछ तो मजबूरियां होगी वरना यूं ही कोई बेवफा नहीं होता। भाजपा तोड़-फोड़ के डरा धमका के लालच देकर पार्टी में शामिल कर रही है। बता दें कि बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसके पहले शहर के मिशन ग्राउंड में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में करीबन 2500 कार्यकर्ताओं के साथ महापौर सफीरा साहू और छह पार्षद भाजपा में शामिल हो गई हैं। इसके साथ ही 48 पार्षदों वाले निगम में भाजपा बहुमत में आ गई हैं। कल तक निगम में कांग्रेस के 29 और भाजपा के 19 पार्षद थे। जगदलपुर के इतिहास में घटित में यह ऐतिहासिक घटना ऐसे समय में हुई है, जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी शहर में चुनावी सभा थी। जानकार बताते हैं कि कांग्रेस के भीतर गुटबाजी की वजह से बड़ी संख्या में पाला बदल हो रहा है। जगदलपुर से पहले मुख्यमंत्री साय की लोहंडीगुड़ा सभा और बस्तर विधानसभा की सभा में भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)